वर्ष 24, अंक 245, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 15 मार्च 2026

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## मिडिल ईस्ट से दिल्ली-मुंबई के लिए चलेंगी कई फ्लाइट्स

### ईरान युद्ध के बीच राहत भरी खबर!

**ईरान**

**ईरान** युद्ध के बीच राहत भरी खबर सामने आई है. यहां मिडिल ईस्ट से दिल्ली मुंबई के लिए कई फ्लाइट्स चलेंगी. इसकी पूरी जानकारी इंडिगो एयरलाइन्स ने दी है. भारत के जिन शहरों के बीच यह फ्लाइट्स चलेगी, उनमें मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद और कोझिकोड (कालीकट) जैसे प्रमुख शहर शामिल हैं. इनके अलावा यूएई के दुबई, अबुधाबी, सऊदी अरब के जेदाह, रियाद, मदीना और ओमान के मस्कट से भारत के लिए फ्लाइट उड़ान भरेंगी. एयरलाइंस ने बकायदा उड़ानों की लिस्ट भी जारी की है. साथ ही ग्राहकों से अनुरोध भी किया है.

इंडिगो एयरलाइंस ने सोशल मीडिया पर क्या जानकारी दी?

इंडिगो एयरलाइंस ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट भी साझा किया है. इसमें बताया गया है कि मध्यपूर्व और यूरोप के चुनिंदा रूट्स के लिए इंडिगों की उड़ानें संचालित होंगी.

जैसा कि मिडिल ईस्ट के कुछ हिस्सों में स्थिति लगातार बदल रही है. एयरलाइंस संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही है, ताकि इस क्षेत्र में और साथ ही यूरोप के चुनिंदा रूट्स पर अपने नेटवर्क को धीरे-धीरे फिर से शुरू किया जा सके.




एयरलाइंस ने जारी की फ्लाइट्स की लिस्ट

एयरलाइंस ने उड़ानों से जुड़ी लिस्ट भी जारी की है. इसमें 16 से 28 मार्च 2026 के बीच संचालित होने वाली उड़ानें शामिल है. यह बुकिंग के लिए उपलब्ध हैं. इंडिगों ने ग्राहकों से अनुरोध करते हुए कहा है कि वे कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें. जैसे उड़ान के शेड्यूल में कम समय के नोटिस पर बदलाव हो सकता है.

जिन ग्राहकों के पास कन्फर्म ढठफहोगा, जिन्हें सहायता की आवश्यकता होगी, वो हमारे कस्टमर कॉन्टैक्ट सेंटर +91 124 6173838 पर संपर्क कर सकते हैं. हम इस बदलती हुई स्थिति के दौरान अपने ग्राहकों को सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं. इसके अलावा कंपनी ग्राहकों की प्रतिबद्धता और धैर्य-समझ की सराहना भी अपने सोशल मीडिया पोस्ट में की है।

## 'भ्रम पैदा करके लोगों को कतारों में खड़ा किया जा रहा'



**महाराष्ट्र**

**मिडिल** ईस्ट देशों में चल रही जंग और देश के कई हिस्सों में एलपीजी को लेकर हो रही मारामारी के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बड़ा दावा किया है. सीएम ने कहा है कि महाराष्ट्र या देश में कहीं भी एलपीजी सिलेंडर की कमी नहीं है. लगातार केंद्र सरकार, सचिव और कंपनियों ने भी ये बताया है कि एलपीजी की दिक्कत नहीं है लेकिन जानबूझकर कांग्रेस पार्टी के नेता लोगों में भ्रम और भय पैदा करके उनको कतारों में खड़ा कर रहे हैं.

देश को बरगलाने का काम कांग्रेस को बंद करना चाहिए- फडणवीस

सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, "कांग्रेस का प्रयास है कि एलपीजी का सप्लाई बाधित हो जाए. जैसे मानो किसी बैंक में अगर किसी को लग जाए कि पैसा नहीं मिलेगा तो सभी लोग अपना पैसा निकालने का प्रयास करते हैं. ऐसी भय की स्थिति बनाने की कोशिश ये लोग कर रहे हैं. लोगों को कतार में खड़े होने की कोई जरूरत नहीं है. देश को बरगलाने का काम कांग्रेस को बंद करना चाहिए."

पीएम मोदी के नेतृत्व पर सभी को भरोसा-देवेंद्र फडणवीस

मैं इतना ही कहूंगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर सभी को भरोसा है. दुनिया उन्हें एक भरोसेमंद नेता के रूप में देखती है. हमलोगों ने पिछले दिनों देखा होगा अमेरिका के एक बहुत जाने माने व्यक्ति ने कहा था कि इस परिस्थिति में अगर कोई व्यक्ति रास्ता निकाल सकता है तो वो नरेंद्र मोदी हैं. इसलिए मुझे ये लगता है कि हमारे देश के कुछ नेता बरगलाते हैं।

## 'महाजंगलराज' लाने वालों की उलटी गिनती शुरू, चुन-चुनकर होगा हिसाब

**कोलकाता**

**शनिवार** को कोलकाता में एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आर्थिक विकास में बंदरगाह और जल परिवहन दोनों की समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि पूर्वी भारत की क्षमता दशकों से काफी हद तक अप्रयुक्त रही है, लेकिन अब स्थिति बदल रही है क्योंकि अंतदेर्शीय जलमार्ग व्यापार और औद्योगिक विकास के नए रास्ते खोल रहे हैं। अपने संबोधन के शुरूआत में उन्होंने कहा कि आपका ये उत्साह, जोश बता रहा है कि बंगाल क्या सोच रहा है, बंगाल के मन में क्या चल रहा है। ब्रिगेड परेड ग्राउंड का इतिहास साक्षी है कि जब-जब बंगाल देश को दिशा देता है, ये ब्रिगेड मैदान बंगाल की आवाज बनता है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस मैदान से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उठी आवाज हिंदुस्तान में क्रांति बन गई थी। उसका नतीजा ये हुआ कि अंग्रेजों के अत्याचार और लूट का खात्मा हुआ। आज एक बार फिर ब्रिगेड ग्राउंड से नए बंगाल की क्रांति का बिगुल बज गया है। बंगाल में बदलाव अब दीवारों पर भी लिखा जा चुका है और बंगाल



के लोगों के दिलों में भी छप चुका है। अब बंगाल से निर्मम सरकार का अंत होकर रहेगा, अब बंगाल से महाजंगलराज का खात्मा होगा। इसलिए बंगाल के हर कोने से आवाज उठ रही है - चाई बीजेपी सरकार, अबकी बार!

मोदी ने विपक्ष पर वार करते हुए कहा कि कल ळटउ ने इस रैली में आने वाले आप सभी लोगों को चोर कहकर गाली दी है। असली चोर कौन है, ये बंगाल की प्रबुद्ध जनता जानती है। अपनी कुर्सी जाते हुए देखकर यहां की निर्मम सरकार बौखला गई है। आज भी इस सभा को रोकने के लिए निर्मम सरकार ने सारे हथियार निकाल लिए। आप लोगों को आने से रोकने के लिए ब्रिज बंद करवा दिए, गाड़ियां रुकवा दी, ट्रैफिक जाम करवाया, भाजपा के झंडे उखड़वा दिए, पोस्टर फड़वा दिए। लेकिन निर्मम सरकार साफ-साफ देख लो, आज के जनसैलाब को रोक नहीं पाई हो।

उन्होंने कहा कि बंगाल में महाजंगलराज लाने वालों का काउंट डाउन शुरू हो चुका है। वो दिन दूर नहीं, जब बंगाल में फिर से कानून का राज होगा। जो कानून तोड़ेगा, जो अत्याचार करेगा, ळटउ के किसी अत्याचारी को छोड़ा नहीं जाएगा, चुन-चुनकर हिसाब लिया जाएगा। मोदी ने कहा कि यहां की निर्मम सरकार चाहे अब जितना जोर लगा ले, परिवर्तन की इस आंधी को वो अब रोक नहीं पाएगी। भाजपा और ठऊअ के साथ महिषासुर मर्दिनी का आशीर्वाद है। श्री रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, ऋषि बंकिमचंद्र, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर, ईश्वरचन्द्र विद्यासागर, खुदीराम बोस, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसी सभी महान विभूतियों ने जिस बंगाल की कल्पना की थी। भाजपा की सरकार उस बंगाल का निर्माण करेगी, नवनिर्माण करेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक समय बंगाल पूरे भारत को गति देता था, बंगाल व्यापार और उद्योगों में सबसे आगे था। लेकिन आज यहां का युवा न डिग्री ले पा रहा है और न ही उसे रोजगार मिल पा रहा है। आपके बेटे-बेटियों को काम की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ता है। पहले कांग्रेस, फिर कम्युनिस्ट और अब ळटउ... ये लोग एक के बाद एक आते रहे... अपनी जेबें भरते रहे... और बंगाल में विकास के काम ठप्प पड़े रहे। ळटउ सरकार का एक ही एजेंडा है। ये ळटउ वाले न खुद काम करेंगे, न करने देंगे। जब तक इनको अपना कटमनी नहीं मिल जाता, ये किसी भी योजना को गांव, गरीब तक नहीं पहुंचने देते। इसलिए ळटउ सरकार केंद्र की योजनाओं को रोककर रखती है। मोदी ने कहा कि देशवासियों को मुफ्त बिजली देने के लिए हमने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शुरू की है।

## कोलकाता ब्रिगेड मैदान में भगवा तूफान !

**कोलकाता**

**कोलकाता** के ब्रिगेड परेड मैदान में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल रैली ने पश्चिम बंगाल की राजनीति में हलचल तेज कर दी। रैली से पहले और रैली के दौरान पूरा क्षेत्र मानो भगवा रंग में रंगा दिखाई दिया। सड़कों पर उमड़ी भीड़, भाजपाई झंडों और नारों से भरे माहौल ने यह संकेत दिया कि राज्य में एक बड़े राजनीतिक बदलाव की लहर चल रही है। दूर दूर से आए लाखों लोगों की भीड़ ने मैदान और आसपास के इलाके को पूरी तरह भाजपामय बना दिया था, जिससे यह साफ दिख रहा था कि बंगाल की राजनीति में नया अध्याय लिखा जाने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर पश्चिम बंगाल में 18680 करोड़ रुपये की कई बड़ी संपर्क और आधारभूत संरचना परियोजनाओं की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि देश के विकास का एक नया अध्याय बंगाल से लिखा जा रहा है और ये परियोजनाएं व्यापार, उद्योग और रोजगार को नई गति देंगी।

## देश में तेल का पर्याप्त भंडार, घबराकर खरीदारी न करें

**नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण ईंधन आपूर्ति को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शनिवार को एक सलाह जारी कर नागरिकों को आश्वस्त किया कि देश भर में पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। मंत्रालय ने लोगों से पेट्रोल या डीजल को खुले डिब्बों में रखने जैसी असुरक्षित प्रथाओं से बचने का भी आग्रह किया। मंत्रालय ने पर एक पोस्ट में कहा कि देश भर के खुदरा दुकानों पर पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। उपभोक्ताओं को



सलाह दी जाती है कि वे ईंधन को खुले या अनुचित डिब्बों में न रखें, क्योंकि इससे सुरक्षा को गंभीर खतरा है।

यह सलाह तमिलनाडु में एक मामले के सामने आने के बाद जारी की गई है, जहां एक खुदरा दुकान पर खुले कंटेनर में पेट्रोल बेचा जा रहा था, जो सुरक्षा नियमों का उल्लंघन है। मंत्रालय ने कहा कि यह जानकारी मिली है कि तमिलनाडु की एक खुदरा दुकान पर पेट्रोल खुले कंटेनर में बेचा जा रहा था, जो असुरक्षित और अनुचित है। मंत्रालय ने आगे कहा कि इस मामले में सख्त कार्रवाई की जा चुकी है। मंत्रालय ने कहा कि संबंधित पेट्रोल पंप को निलंबित कर दिया गया है और उचित कार्रवाई की गई है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि देशभर के सभी ईंधन विक्रेताओं को पेट्रोल और डीजल बेचते समय सुरक्षा दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है। सलाह में कहा गया है कि सभी खुदरा दुकानों और डीलरों को ईंधन बेचते समय सुरक्षा दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है।

### दिल्ली शराब घोटाला मामले में बड़ा अपडेट

## अरविंद केजरीवाल-मनीष सिसोदिया ने भरा 50 हजार का बॉन्ड

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** शराब घोटाले से जुड़े सीबीआई मामले में आरोपमुक्त किए जाने के बाद दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने राउज एवेन्यू कोर्ट में श्योरिटी बॉन्ड जमा किया. अदालत के आदेश के अनुसार दोनों नेताओं ने 50-50 हजार रुपये का श्योरिटी बॉन्ड भरा है.

दरअसल, राउज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें आरोपमुक्त करते हुए 50 हजार रुपये का श्योरिटी बॉन्ड भरने का निर्देश दिया था, जिसके बाद



दोनों नेताओं ने अदालत में आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए यह बॉन्ड जमा किया है.

27 फरवरी को सभी आरोपी हुए दोषमुक्त

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने 27 फरवरी को आबकारी नीति मामले में अहम फैसला सुनाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत कुल 23 आरोपियों को आरोपों से मुक्त कर दिया था.

अदालत ने मामले की सुनवाई के दौरान उपलब्ध सबूतों और दलीलों की जांच करने के बाद यह निर्णय दिया था. यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज किया गया था, जिसमें दिल्ली सरकार की पुरानी आबकारी नीति को लेकर अनियमितताओं और कथित गड़बड़ियों के आरोप लगाए गए थे.

श्योरिटी बॉन्ड भरने की कानूनी प्रक्रिया

अदालती आदेश के बाद कानूनी प्रक्रिया के तहत आरोपमुक्त किए गए सभी आरोपियों को श्योरिटी बॉन्ड दाखिल करने की औपचारिकता पूरी करनी होती है. कानूनी व्यवस्था में यह एक सामान्य प्रक्रिया मानी जाती है. श्योरिटी बॉन्ड का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि यदि मामले में किसी उच्च अदालत में आदेश के खिलाफ अपील दायर की जाती है।

## 'डिजिटल अरेस्ट' साइबर ठगी मामले में आरोपी को राहत नहीं, दिल्ली HC ने जमानत देने से किया

**नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने कथित डिजिटल अरेस्ट साइबर ठगी मामले में आरोपी ओम कांत गुप्ता की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है. अदालत ने कहा कि पूरे ठगी के नेटवर्क और उसके तौर-तरीकों को समझने के लिए आरोपी से हिरासत में पूछताछ जरूरी है.

जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि रिकॉर्ड से पता चलता है कि सितंबर 2024 से मार्च 2025 के बीच आरोपी के बैंक खाते में करीब 1.5 करोड़ रुपये जमा हुए




और निकाले भी गए. इसके बावजूद आरोपी ने उस दौरान बैंक में किसी तरह की शिकायत दर्ज नहीं कराई. अदालत ने कहा कि इससे पहली नजर में यह दलील कमजोर पड़ती है कि उसे अपने खाते में हो रहे लेनदेन की जानकारी नहीं थी.

'मामला गंभीर साइबर धोखाधड़ी का'

दिल्ली हाई कोर्ट ने यह भी कहा कि यह मामला गंभीर साइबर धोखाधड़ी का है, जिसमें तकनीक का इस्तेमाल कर लोगों को झांसा देकर पैसे वसूले जाते हैं. ऐसे मामलों की संख्या देशभर में तेजी से बढ़ रही है, इसलिए जांच एजेंसियों को पूरे नेटवर्क का खुलासा करने का मौका मिलना चाहिए. दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में बताया कि आरोपी को पिछले साल जांच में शामिल होने के लिए नोटिस दिया गया था. लेकिन वह पेश नहीं हुआ. इसी वजह से पुलिस ने उसकी अग्रिम जमानत का विरोध किया।

## सबको मिलेगी गैस, मोदी सरकार के प्रयासों से जल्द राहत मिलने की उम्मीद

**नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के कारण भारत में रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित होने लगी है। कई राज्यों से सिलेंडर की कमी, काला बाजार और कीमतों में तेजी की खबरें सामने आ रही हैं। हालांकि इस मुश्किल समय में भारत सरकार सक्रिय कूटनीतिक प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में एक महत्वपूर्ण राहत की खबर आई है कि ईरान ने भारत के दो जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। इससे आने वाले दिनों में भारत में रसोई गैस की आपूर्ति बेहतर होने की उम्मीद जताई जा रही है।

सरकारी जानकारी के अनुसार भारत के झंडे वाले दो जहाज जो रसोई गैस लेकर आ रहे हैं, उन्हें ईरान के अधिकार क्षेत्र से गुजरने की अनुमति मिल गई है। इनमें से एक जहाज शिवालिक बताया जा रहा है, जो इस समय ओमान की खाड़ी के आसपास है और इसके 21 मार्च तक अपने गंतव्य तक पहुंचने की संभावना है। यह खबर ऐसे समय आई है जब देश में गैस की कमी को लेकर चिंता बढ़ती जा रही थी। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने बताया है कि फारस की खाड़ी क्षेत्र में इस समय भारत के झंडे वाले चौबीस जहाज काम कर रहे हैं, जिन पर 668 भारतीय नाविक मौजूद हैं। इसके अलावा होर्मुज जलडमरूमध्य के पूर्व में तीन जहाजों पर 76 भारतीय नाविक मौजूद हैं।

## '3885 घोषणाओं में से 2408 हो चुकी हैं पूरी'

### सीएम धामी ने गिनाई अपनी सरकार की उपलब्धियां

**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** विधानसभा का बजट सत्र इस बार कई मायनों में ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण रहा. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में गैरसैंण में आयोजित यह सत्र सरकार की उपलब्धियों, नीतियों और भविष्य की योजनाओं का प्रतिबिंब बनकर सामने आया. धामी सरकार के दूसरे कार्यकाल के चार वर्ष पूरे होने की दहलीज पर आयोजित इस सत्र में मुख्यमंत्री का एक नया और अधिक आक्रामक राजनीतिक अंदाज भी देखने को मिला.

9 मार्च से शुरू हुआ यह बजट सत्र गैरसैंण में कुल 41 घंटे 10 मिनट तक चला, जो घंटों के लिहाज से अब तक का सबसे लंबा विधानसभा सत्र माना जा रहा है. इस दौरान वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पारित किया गया और सदन ने 12 विधेयकों को मंजूरी दी. इसके साथ ही चार अध्यादेशों को भी स्वीकृति प्रदान की गई.

मुख्य सेवक के रूप में 3885 घोषणाओं में से 2408 हो चुकी पूरी- धामी

जानकारी के अनुसार, सत्र के दौरान सदन में 50 अल्पसूचित प्रश्न और 545 तारांकित प्रश्न प्राप्त हुए, जिनमें से 291 प्रश्नों के उत्तर दिए गए. यह सत्र केवल विधायी प्रक्रिया तक सीमित नहीं रहा, बल्कि राज्य के विकास, नीतियों और सरकार की कार्यशैली पर व्यापक चर्चा का मंच भी बना. कई विधायकों ने सदन में धामी सरकार की विकासात्मक पहल और निर्णयों की सराहना भी की.

राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री धामी के तेवर खास तौर पर चर्चा में रहे. आमतौर पर शांत और संतुलित नजर आने वाले मुख्यमंत्री इस बार विपक्ष,



विशेषकर कांग्रेस पर तीखे हमले करते दिखाई दिए. उन्होंने कहा कि उनकी सरकार केवल घोषणाएं करने वाली नहीं बल्कि उन्हें धरातल पर उतारने वाली सरकार है. धामी ने बताया कि मुख्य सेवक के रूप में की गई 3885 घोषणाओं में से 2408 पूरी हो चुकी हैं और बाकी पर तेजी से काम चल रहा है.

तीन तलाक और हलाला जैसी कुप्रथाओं से महिलाओं को मिली मुक्ति

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के कार्यकाल पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले खनन गतिविधियां बाहुबलियों के भरोसे चलती थीं और राज्य का राजस्व खनन माफिया की जेब में चला जाता था. उन्होंने बताया कि पहले खनन से लगभग 400 करोड़ रुपये का राजस्व मिलता था, जो अब बढ़कर 1200 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है. समान नागरिक संहिता और अतिक्रमण के मुद्दे पर भी धामी ने विपक्ष को घेरा. उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना जिसने स्वतंत्रता के बाद सबसे पहले यूसीसी लागू किया. इससे महिलाओं को तीन तलाक और हलाला जैसी कुप्रथाओं से मुक्ति मिली है।

# कौंधियारा व घूरपुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा एक चोर को किया गिरफ्तार, चोरी के छोटे-बड़े 82 विभिन्न कम्पनियों के टायर व घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**जारी।** कौंधियारा और घूरपुर थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने चोरी की एक बड़ी वारदात का मात्र 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर विभिन्न कंपनियों के 82 छोटे-बड़े टायर और घटना में प्रयुक्त बोलेरो नियो वाहन भी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, 13 मार्च को कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी बाजार निवासी दिलीप कुमार केसरवानी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर उनकी दुकान से करीब 100 बाइक और ऑटो के टायर चोरी कर ले गए हैं। चोरी गए टायरों की कीमत




लगभग पौने दो लाख रुपये बताई गई थी। इस मामले में कौंधियारा थाने में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।घटना की गंभीरता को देखते हुए कौंधियारा और घूरपुर थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से जांच शुरू की। इसी क्रम में 14 मार्च को मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने कौंधियारा क्षेत्र के सड़वा इलाके से सर्वेश मिश्रा उर्फ पप्पू मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे और उसकी निशानदेही से चोरी के 82 टायर तथा घटना में इस्तेमाल की गई बोलेरो नियो (नंबर वढ72 इव9807) बरामद की गई।पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर टायर चोरी करता था और उन्हें बेचकर मिलने वाले पैसों से अपने तथा परिवार के शौक पूरे करता था। पुलिस के अनुसार आरोपी की गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर मुकदमे में अतिरिक्त धाराएं भी जोड़ी गई हैं और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।गिरफ्तार आरोपी सर्वेश मिश्रा उर्फ पप्पू मिश्रा (37 वर्ष) ग्राम छीडी, थाना बारा, जनपद प्रयागराज का रहने वाला है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक उसके खिलाफ चोरी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट सहित विभिन्न थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य संभावित साथियों की तलाश भी की जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक घूरपुर दिनेश कुमार सिंह, एसआई अमित यादव, एसआई कुलदीप शर्मा, एसआई सुनील कुमार सिंह, कांस्टेबल आशीष सिंह, सूर्यकुम्र, जवाहरलाल, राहुल यादव, अमित यादव शामिल रहे।

## लालापुर- रिगवां मार्ग पर बने गड्ढे से दुर्घटना का खतरा, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**बारा, प्रयागराज।** रिगवां -लालापुर मार्ग पर बने गड्ढे से बचने के लिए ग्रामीणों ने उस पर कंटीली झाड़ियां रख दिया है। इसके बावजूद पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौन है। क्षेत्र के रिगवां से लालापुर लगभग दस किमी सड़क की मरम्मत का काम लगभग पांच साल पहले हुई थी। इस सड़क पर जगह जगह गड्ढे हो गए हैं। सड़क पर बने गड्ढों से बचने के लिए अंसवा गांव के आगे पुलिया के पास गड्ढे हो गए हैं।इस गड्ढे से बचने के लिए गांव वालों ने कंटीली झाड़ियां रख दिया है। क्षेत्र के सीताराम सिंह,राज कुमार मिश्र,राकेश मिश्रा, शैलेश शुक्ला आदि ने बताया कि गड्ढे के कारण अक्सर लोग गिर जाते थे।इसी कारण उस पर कंटीली झाड़ियां रख दिया गया है।इस संबंध में अवर अभियंता पीएम जेएसवाई सरिता मिश्रा ने बताया कि मरम्मत के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। अभी अनुमोदन नहीं हुआ है। अनुमोदन होते ही मरम्मत कराया जाएगा।

# बबीता पटेल ने पोलवाट में जीता गोल्ड मेडल

**मऊ आइमा।** मऊआइमा के बबिता पटेल ने पंजाब में गोल्ड मेडल जीतकर परचम लहराते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है।इस सफलता से स्थानीय लोगो ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



मऊ आइमा की बबीता पटेल ने बृहस्पतिवार देर रात को पंजाब के जालंधर में अखिल भारतीय पुलिस द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में सीआईएसएफ का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश देश व प्रशिक्षक का मान बढ़ाया। बबीता पटेल वर्तमान में सीआईएसएफ में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत है।

बबिता की सफलता पर क्षेत्रीय सांसद प्रवीण पटेल, विधायक गीता पासी, पूर्व सांसद केसरी देवी पटेल, पूर्व सांसद धर्मराज पटेल, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी पूर्व विधायक सत्यवीर मुन्ना, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुधीर मौर्य, प्रधान संघ अध्यक्ष राम तीरथ यादव, जिला पंचायत सदस्य कमरूल हसन आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।

## शार्ट सर्किट से कपड़े की दुकान में लगी आग,लाखों का सामान खाक

**बारा, प्रयागराज।** बारा में शनिवार दोपहर शार्ट सर्किट से कपड़े की दुकान में आग लग गई। इसमें लाखों रुपए के कपड़े आदि जल कर खाक हो गए। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

बारा खास में राजेश कुमार केसरवानी की कपड़े की दुकान है। शनिवार को वह ग्राहकों के साथ बातचीत कर रहे थे। अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई ।आग की लपटों को देख कर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीणों ने आग को बुझाने में कामयाब हो गए किन्तु लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार यह संयोग ही था कि आग पर समय रहते काबू हो गया था अन्यथा बड़ी घटना घट सकती थी।

# समाधान दिवस पर आई दो शिकायते, नही हुआ निस्तारण



**करछना प्रयागराज।** शनिवार को करछना थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस की मौजूदगी नायब तहसीलदार संतोष यादव और अध्यक्षता थाना प्रभारी प्रवीण गौतम के समक्ष राजस्व से जुड़ी कुल दो शिकायते आई मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नही हो सका, जिससे फरियादियो को मायूस होकर लौटना पडा। फरियादी बार बार ऐसे महत्वपूर्ण आयोजनो में बडी आस लगाये आने वाले फरियादियों को महज आश्वासन ही मिलता है, जिससे धीरे धीरे लोगों की शिकायत करने वालो कम हो रहे है। चर्चा यह भी रही थी सेकंड सटरडे होने के नाते छुट्टी भी थी। इस मौके पर राजस्व और पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली युवती लापता, तीन युवकों पर केस

**करछना।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती घर से बाजार जाने की बात कहकर निकली, लेकिन देर तक वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगने पर पिता ने करछना थाने में तीन युवकों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।बताया गया है कि युवती नौ मार्च को सुबह करीब 11 बजे घर से बाजार जाने की बात कहकर निकली थी। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजन परेशान हो गए और आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कहीं भी उसका पता नहीं चल सका।परिजनों ने युवती की सहेलियों से जानकारी ली तो पता चला कि वह एक युवक से बातचीत करती थी। इसके बाद युवती के पिता ने करछना पुलिस को तहरीर देकर तीन युवकों पर बेटी को गायब करने का आरोप लगाया।पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि युवती की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे बरामद कर लिया जाएगा।

# भगवत कथा हर व्यथा को दूर कर जीवन को बनाती है सुखमय : विधायक हर्षवर्धन बाजपेई

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** श्री रामचरितमानस सम्मेलन समिति सहसों के तत्वावधान में आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के विश्राम दिवस पर सातवें दिन कथा व्यास आचार्य श्री सतानंद जी महाराज ने कृष्ण-सुदामा चरित्र एवं राजा परीक्षित मोक्ष की कथा का अत्यंत भावपूर्ण और सजीव वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्त भक्ति रस में डूबकर भावविभोर हो उठे। कथा व्यास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण और उनके निर्धन बाल सखा विप्र सुदामा की मित्रता निःस्वार्थ प्रेम और सच्चे संबंधों का अद्भुत उदाहरण है। अत्यंत गरीबी में जीवन यापन कर रहे सुदामा अपनी धर्मनिष्ठ पत्नी सुशीला के आग्रह पर अपने मित्र श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका जाते हैं। वहां भगवान श्रीकृष्ण अपने प्रिय मित्र सुदामा को हृदय से लगाकर उनका आतिथ्य सत्कार किया। उन्होंने अपने आंसुओं से उनके चरण पखारते हुए



पूरे आदर और प्रेम के साथ उनकी सेवा की। सुदामा द्वारा लाए गए दो मुट्ठी चावल के बदले भगवान ने उन्हें अपार वैभव प्रदान किया और उनकी कुटिया महल में परिवर्तित हो गई। कथा व्यास ने कहा कि एक धर्मपत्नी का कर्तव्य है कि वह हर सुख-दुख में अपने पति का साथ निभाए। वहीं सच्चा मित्र वही होता है जो अपने मित्र के दुख को अपना दुख समझे और हर परिस्थिति में उसके साथ खड़ा रहे। कथा प्रसंग के दौरान ह्लमेरा कोई न सहारा बिन तेरे घनश्याम सांवरिया मेरेङ्घ्ह जैसे सुंदर भजनों को सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। इस अवसर पर कथा श्रवण करने पहुंचे शहर उत्तरी के विधायक हर्षवर्धन बाजपेई ने व्यास पीठ का पूजन कर कथा व्यास का माल्यार्पण किया और उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि भगवत कथा मनुष्य के जीवन की हर व्यथा को दूर करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि कथा से ज्ञान प्राप्त कर आज के युवा, बहन बेटियां आदर्श स्थापित कर संस्कारवान बने और अपने जीवन को सफल एवं सुखमय बनाएं। कथा विश्राम पर समिति के अध्यक्ष आशीष केसरवानी, राकेश तिवारी सहित अन्य श्रोताओं ने भगवान श्री बांके बिहारी एवं व्यास पीठ की आरती उतारी। तत्पश्चात श्रद्धालु भक्त श्रोताओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा श्रवण करने वालों में प्रमुख रूप से सियाराम मौर्य, पिंटू नेता, रविंद्र शास्त्री, सतीश केसरवानी, बबलू केसरवानी, शिव बाबू केसरवानी, अमन प्रकाश केसरवानी, सत्यम केसरवानी, जय कृष्ण सोनी, प्रहलाद मोदनवाल, राजा केसरवानी, अजय केसरवानी, चंद्रधर द्विवेदी, डॉ. कृष्ण चंद्र पांडे, राजीव केसरवानी, राघवेंद्र सिंह सिंगरौर, अरविंद केसरवानी, अनुज मिश्रा, सुरेश मौर्य, फूलचंद्र साहू, सूर्यकांत त्रिपाठी, किशन केसरवानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर-नारियों ने उपस्थित होकर कथा का रसपान किया।

# समदरिया स्कूल में पद्मश्री डॉ. सोमा घोष कल्चरल सेंटर का भव्य उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** संस्था हुडसा द्वारा संचालित समदरिया स्कूल दादूपुर में शनिवार को ह्लपद्मश्री डॉ. सोमा घोष कल्चरल सेंटरह्व का भव्य उद्घाटन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शास्त्रीय गायिका पद्मश्री डॉ. सोमा घोष द्वारा दीप प्रज्वलन और वाद्य यंत्रों की विधिवत पूजा के साथ हुआ।

पद्मश्री डॉ. घोष ने कहा कि भारतीय शास्त्रीय संगीत हमारी प्राचीन धरोहर है और इसे नई पीढ़ी तक पहुँचाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने समदरिया स्कूल द्वारा स्थापित इस सांस्कृतिक केंद्र की सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चों में संगीत के प्रति रुचि और आत्मविश्वास दोनों का विकास होगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व कुलपति बीएचयू प्रो0 गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ कला और संस्कृति का विकास भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संगीत और संस्कृति बच्चों के व्यक्तित्व को संवेदनशील और संतुलित बनाते हैं। पूर्व



अपर महाधिवक्ता नीरज त्रिपाठी ने संस्था के शिक्षा, संस्कृति, कला और विज्ञान के समन्वय को सराहा और प्रेरणादायी बताया वहीं, शिक्षक विधायक डॉ. बाबूलाल तिवारी ने भारतीय संस्कृति और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के सामंजस्य को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बताया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा तैयार की गई विज्ञान प्रदर्शनी तथा अभिनव मॉडल ने सभी अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया ' अतिथियों का स्वागत संस्था के निदेशक डॉ मणि शंकर द्विवेदी किया ' कार्यक्रम का संचालन डॉ अम्बिका पाण्डेय तथा आभार ज्ञापन दिनेश तिवारी ने किया ' इस अवसर पर पी के तिवारी, सुरेश त्रिपाठी, विनय शुक्ल , प्रभात शुक्ल नागेन्द्र पाण्डेय, सुभाष तिवारी, डॉ बबली द्विवेदी,एम पी सिंह, कादंबरी द्विवेदी,अभिषेक त्रिपाठी,राजेश शुक्ल, शोभनाथ शुक्ल, रामानन्द त्रिपाठी, डॉ प्रदीप शर्मा,जे पी चौबे, वी पी सिंह, रवि करन सिंह, सन्तोष शुक्ल, भगवत कुशवाहा, राकेश यादव, संजय विश्वकर्मा, रामअजोर पाल,हरनाम सिंह, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, सत्येंद्र द्विवेदी, के डी यादव आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## कलियुग में सर्व व्यापी रहकर राम भक्तों की हनुमान जी रक्षा करते हैं : निर्मल शुक्ल

**करछना।** हनुमान जी महाराज रामायण की प्राण वायु के समान हैं । आप अजर अमर हैं । और चारों युगों में हनुमान जी विद्यमान रहते हैं। सतयुग में भगवती दुर्गा की ध्वजा धारण करके उनके साथ रहते हैं। त्रेतायुग में सुग्रीव की ध्वजा धारण करके राम कार्य एवं उनकी भक्ति में तल्लीन रहते हैं। द्वापर में आप अर्जुन के रथ पर विराजमान रहते हैं। तथा कलियुग में सर्व व्यापी रहकर राम भक्तों की रक्षा करते हैं ।तथा सदैव राम कथा में अनेकों रूप धारण करके उपस्थित रहते हैं। यह बातें करछना क्षेत्र के कबरा गांव में अखिल भारतीय प्रेम मानस प्रचार समिति की ओर से आयोजित संगीतमय पांच दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव के चौथे शनिवार के दिन रामायण के उद्भट विद्वान मानस महारथी कथा व्यास पं निर्मल कुमार शुक्ल ने विशाल श्रोता समूह को भाव विभोर करते हुए उक्त उद्गार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सेवा धर्म के प्रमुख आचार्य श्री हनुमान जी ही हैं। आपने निष्काम भाव से भगवान राम की सेवा करते हुए उन्हें अपने वश में कर लिया।जपेउ पवनसुत पावन नामू।अपने वश करि राखे रामू। सीता हरण के पश्चात जब लाखों वानर दशों दिशाओं में सीता शोध के लिए दशों दिशाओं में भेजे गये तब हनुमान जी के मार्ग दर्शन में प्रधान वानर दक्षिण दिशा की ओर गए। इससे पूर्व पं ब्रह्म दीन तिवारी ने भक्ति की मार्मिक व्याख्या करते हुए मानस के विभिन्न प्रसंगों पर प्रकाश डाला।प्रबंधक विद्याधर मिश्र, संयोजक प्रकाश चंद्र पांडेय ने सभी भक्तों के प्रति आभार जताया । और बताया गया कि कथा की पुणार्हुति रविवार को होगी। जिसमें विशिष्ट जनों का सम्मान भी समिति की ओर से किया जाएगा। मंच संचालन प्रधानाचार्य कृष्ण प्रकाश तिवारी ने किया। और सांय कालीन में भक्त लोगों की ओर से सामूहिक रूप से श्री राम की आरती की गई। इस मौके पर हरि शंकर पांडेय, बद्री प्रसाद पांडेय, दूधनाथ यादव,विनोद तिवारी प्रधान, ब्रह्मानंद द्विवेदी, योगेश मिश्र प्रधान, धनदीप शुक्ल , डॉ विजय बाबू यादव जिला पंचायत सदस्य,सुनैना इंटरप्राइजेज के निदेशक अमित मिश्र, धवल प्रकाश तिवारी, श्रीकांत शुक्ल, रजनी कांत पांडेय, आदि रहे।

# भाजपा नारीबारी मंडल की योजनात्मक बैठक गडैया जारी मे सम्पन्न

- दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग की बनी रूपरेखा
- सात सत्रों में वक्ताओं द्वारा कार्यकताओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण



**जारी (प्रयागराज)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी यमुनापार के नारीबारी मंडल की योजनात्मक बैठक शनिवार को चन्द्रमुखी गेस्ट हाउस, जारी में सम्पन्न हुई। बैठक में मंडल वर्ग प्रमुख एवं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने प्रशिक्षण वर्ग संचालन समिति के कार्यकताओं के साथ आगामी 17 मार्च से आयोजित होने वाले दो दिवसीय 24 घंटे के प्रवासीय प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की तथा विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी कार्यकताओं को सौंपी।

इस दौरान उन्होंने कहा कि ह्लप्रशिक्षण वर्ग संगठन की कार्यपद्धति, विचारधारा और कार्यकताओं के वैचारिक सुदृढ़ीकरण का महत्वपूर्ण माध्यम है, जिससे संगठन और अधिक सशक्त बनता है।ह्व

बैठक में बताया गया कि प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ और समापन सहित कुल सात सत्रों में विभिन्न विषयों पर अनुभवी वक्ताओं द्वारा कार्यकताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने निर्देशित किया है की प्रशिक्षण कार्यशाला में किसी की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होंगी, संगठन के निर्देशानुसार हो।

इस अवसर पर पिछला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल, पूर्व जिला महामंत्री कुलदीप पाठक, पूर्व किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रत्नाकर पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा वीरेंद्र शुक्ला, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह पटेल, महामंत्री द्विजेश पांडेय, सुधाकर सिंह, पंकज पांडेय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पितरों के मोक्ष हेतु बभनियांव से श्री गया जी प्रस्थान

**जंघई।** गया धाम बिहार, जहां भगवान विष्णु स्वयं पितरों को मोक्ष प्रदान करते हैं पुराणों के अनुसार पितरों का श्राद्ध और तर्पण करने के लिए गया से श्रेष्ठ स्थान कोई दूसरा नहीं है। कहा जाता है कि गया में स्वयं भगवान विष्णु



पितृ देवता के रूप में निवास करते हैं। गया तीर्थ में श्राद्ध कर्म पूर्ण करने के बाद भगवान विष्णु के दर्शन करने से मनुष्य पितृ, माता और गुरु के ऋण से मुक्त हो जाता है। पूर्ण श्रद्धा और विधि-विधान के साथ श्राद्ध और तर्पण करने से पितृ, देवता, गंधर्व, यक्ष आदि अपना शुभ आशीर्वाद देते हैं, जिससे मनुष्य के समस्त पापों का अंत हो जाता है। अपने माता-पिता एवं पूर्वजों के मोक्ष एवं मुक्ति प्राप्ति हेतु बभनियांव गांव निवासी राकेश शुक्ला अपनी धर्मपत्नी सुशीला शुक्ल एवं पड़ोसी कमल चंद्र शुक्ल के साथ शनिवार को गया धाम प्रस्थान किया। आचार्य अशोकानंद महाराज द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूर्वजों का ध्यान कराते हुए पिंडदान करवाया गया तत्पश्चात ढोल नगाड़े, घोड़े, गाजे-बाजे के साथ गांव की परिक्रमा करते हुए अपने खानदान के समस्त घरों की सुख शांति हेतु अक्षत छिड़कते हुए गया धाम प्रस्थान किया। इस अवसर पर परिजनों में वीरेंद्र कुमार शुक्ल मालिक, हरिश्चंद्र शुक्ल, रामचंद्र शुक्ल, नरेंद्र शुक्ल, कमल चंद्र शुक्ल, महेंद्र? शुक्ल, राजेश शुक्ल, सोनू शुक्ल, सुनील शुक्ल, आलोक शुक्ल, आशीष शुक्ल, मिथिलेश शुक्ल, नीलेश, अमरेश, अमित, देवेश, पीयुष, सुमित, किशन, अंकित, आदर्श, सिद्धार्थ, शुभम सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# उमरी कंपोजिट विद्यालय में वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

## नन्हे -मुन्हें बच्चों की प्रतिभा ने मोहा मन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** कौंधियारा क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय उमरी तालुका पुरवा में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन बड़े उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक रंगों के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों और ग्रामीणों का मन मोह लिया। पूरे समारोह के दौरान विद्यालय परिसर तालियों की गूंज और बच्चों की प्रतिभा से सराबोर रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी कौंधियारा अरुण कुमार अवस्थी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और




माल्यार्पण कर किया। इसके बाद छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का भावपूर्ण स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति, धार्मिक और समसामयिक विषयों पर आधारित नाटक प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में बच्चों ने हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को उल्लासमय बना दिया। कक्षा तीन के छात्र राणा भारतीया ने उत्तर प्रदेश के 18 मंडलों और 75 जिलों के नाम धारा प्रवाह सुनाकर अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसे




सुनकर उपस्थित लोग आश्चर्यचकित रह गए और जोरदार तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक अरविंद मिश्र ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें परिश्रम, अनुशासन तथा लगन के साथ अध्ययन करने की प्रेरणा दी। वहीं शिक्षक शत्रुघ्न प्रसाद शुक्ल ने विद्यालय की शैक्षिक एवं सहशैक्षिक उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियां भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं।

समारोह के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं रीति, रिया, लाडो, अनन्या, लाडली और राणा को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षकों वीरेंद्र सिंह, शिखा अग्रवाल और शत्रुघ्न प्रसाद शुक्ल को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार ओझा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा को निखारने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। कार्यक्रम का संचालन सुशील चंद्र और शत्रुघ्न प्रसाद शुक्ल ने संयुक्त रूप से किया। आयोजन को सफल बनाने में महेंद्र सिंह, राजेश, मीना सहित समस्त विद्यालय परिवार का विशेष सहयोग रहा।

# पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर डीएम ने कंट्रोल रूम और केंद्रों का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस) और समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को सकुशल और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शनिवार को पुलिस लाइन में बनाए गए कंट्रोल रूम और कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार और डीसीपी नगर मनीष कुमार शांडिल्य भी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने ईश्वर शरण इंटर कॉलेज सलोरी, जगत तारन गर्ल्स इंटर कॉलेज समेत अन्य परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक और सह केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा को पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाए तथा पुलिस भर्ती बोर्ड की सभी गाइडलाइन का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को परीक्षा के दौरान अपने-अपने सेक्टर के केंद्रों का लगातार निरीक्षण करते रहने और परीक्षा समाप्त होने के बाद गोपनीय सामग्री को निर्धारित मार्ग से पुलिस अभिरक्षा में डबल लॉक में जमा कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण कर कैमरों के माध्यम से की जा रही निगरानी की स्थिति देखी।

बताया गया कि यह परीक्षा 14 और 15 मार्च को दो पालियों में आयोजित की जा रही है। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। प्रयागराज जिले में कुल 43 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां चारों पालियों में कुल 53,760 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।

## बाइक सवार ने महिला को मारी टक्कर, मौत

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र के सड़वा कला तिराहे के समीप शनिवार को बाइक सवारों ने एक महिला को जोरदार टक्कर मार दिए। जिससे उसकी दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिए। जानकारी के मुताबिक करछना थाना क्षेत्र के अन्तहिया की रहने वाली अंजू पांडेय (42) पत्नी स्वर्गीय अखिलेश्वर पांडेय औद्योगिक क्षेत्र के सड़वा कला के ओम शांतिपुरम कॉलोनी में बतौर मकान बनवाकर अपने एक दिव्यांग बेटे और एक 15 वर्षीय पुत्री के साथ रहती थी। प्रतिदिन की तरह अंजू पांडेय शनिवार तड़के सुबह घर से मॉर्निंग वॉक के लिए निकली हुई थी। सड़वा तिराहे के समीप ओम शांतिपुरम कॉलोनी के सामने मीरजापुर प्रयागराज हाईवे सड़क क्रॉस कर रही थी। तभी एक बाइक सवार बड़ी तेज रफ्तार में महिला को जोरदार टक्कर मार दिए। घटित दुर्घटना के बाद बाइक सवार वहां से भाग गए। जैसे ही मृतका के परिजनों को सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंचे और शव देख कोहराम मच गया। जिससे लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा रही। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिए।

## न्यूज झरोखा

### अंतर विश्वविद्यालय आर्म रैसलिंग खेल प्रतियोगिता में बेनी माधव की छात्रा ने मारी बाजी



**थरवई ।** अंतर विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता में एक बार फिर से बेटियों ने किया नाम रोशन। आज बेटियां भी शिक्षा हो या खेल हर क्षेत्र में उनकी अग्रणी भूमिका देखने को मिल रही है जिसकी वजह है उनकी कड़ी मेहनत और सच्ची लगन। 12 मार्च को अंतर विश्वविद्यालय आर्म रैसलिंग खेल प्रतियोगिता राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़ में खेल प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें कई बालिकाओं ने खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए अपने प्रतिभा का दमखम दिखाया। जिसमें प्रो राजेंद्र सिंह रज्जू भैय्या विश्वविद्यालय सम्बद्ध बेनी माधव सिंह पीजी कॉलेज बिगहिया प्रयागराज 80 किग्रा भार में बीपीएड प्रथम वर्ष की छात्रा पलक पुत्री संतोष कुमार जो जनपद प्रयागराज की रहने वाली है, ने इस खेल मारी बाजी और गोल्ड मेडल पर रहा कब्जा। इस जीत की खुशी को लेकर प्रो राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय के कुलपति ने ढेर सारी बधाइयाँ दीं। वहीं इस जीत की खुशी की खबर जब बेनी माधव सिंह पीजी कॉलेज में पहुंची तो कॉलेज के प्राचार्य डॉ डीवी सिंह ने भूरी - भूरी प्रशंसा की और कहा आज बेटियां अपने कॉलेज व देश का नाम गर्व से ऊँचा कर रही हैं सचिव माधुरी सिंह ने भी इस जीत की बधाई देते हुए कहा की बेटियां एक दिन देश का भविष्य कहलाएंगी। उसी क्रम में अध्यक्ष कृपा राम मिश्र ने भी बेटी को बधाई देते हुए अपना आशीर्वचन दिया। इस मौके पर डॉ बबिता सिंह, बीपीएड विभागाध्यक्ष डॉ वी डी सिंह, डॉ करुणेश शुक्ला, डॉ राम कैलाश यादव, राम प्रसाद यादव, परवीन जहां, सुप्रीती मिश्रा, शालू पाण्डेय, सूर्य प्रताप सिंह, कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी गोपाल सिंह, सत्य नारायण मिश्र सहित सभी छात्रा पलक को ढेर सारी बधाई दी।

### जगदेवपुर बरेठी के ग्राम प्रधान पर नकाबपोश बदमाशों का जानलेवा हमला, लाठी-डंडों से पीटकर किया घायल



**सहसों।** विकासखंड सहसों के जगदेवपुर बरेठी गांव के ग्राम प्रधान सुभाष चंद्र मिश्र उर्फ कप्तान पर शुक्रवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब वह बाबूगंज बाजार से बाइक से अपने घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही ग्राम प्रधान झंझरी गांव स्थित तालाब के पास पहुंचे, तभी चार बाइक पर सवार करीब आठ नकाबपोश बदमाशों ने उनकी बाइक में साइड मार दी, जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े। इससे पहले कि वह संभल पाते, हमलावरों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया और उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्राम प्रधान के पीछे बैठे सरवन यादव किसी तरह मौके से भागकर शोर मचाने लगे। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, तब तक हमलावर कनेहटी की ओर फरार हो चुके थे। ग्रामीणों की सूचना पर पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल ग्राम प्रधान को पास के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। घायल ग्राम प्रधान ने बताया कि चार बाइक पर सवार आठ नकाबपोश बदमाशों ने उन पर जानलेवा हमला किया। मामले में शनिवार को ग्राम प्रधान की तहरीर पर कोतवाली फूलपुर पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है और हमलावरों की तलाश में जुट गई है। चौकी प्रभारी इफको सूर्य प्रकाश सिंह ने बताया कि घटना के संबंध में जानकारी जुटाते हुए आसपास के कई सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है।

### मंगल भवन अमंगल हारी, द्रवहु सुदसरथ अजिर बिहारी

**जंघई।** अनुवां गांव निवासी पंडित मुकेश मिश्रा बालाजी पान भंडार द्वारा अपने पिता सुरेश चंद्र मिश्रा की स्मृति में अपने पुत्र अमन मिश्रा के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में महिलेश्वर नाथ मंदिर अनुवां में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया जिसमें सुप्रसिद्ध संगीतकार शुभम तिवारी एवं उनके सहयोगियों द्वारा प्रभु श्रीराम की महिमा का बखान किया गया।श्री रामचरित मानस का अखंड पाठ अनंत काल से होता चला आ रहा है परिवार, समाज की मंगल कामना हेतु किया जाने वाला यह पाठ अत्यंत ही शुभ फलदायक है। जीवन की किसी भी शुभ शुरूवात के लिए लोग अखंड रामायण का पाठ करवाते हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के गुणों का बखान करने वाली श्रीराम चरित मानस अखंड पाठ बहुत ही शुभकारी एवं मंगलकारी होता है। रामायण के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें आनंद मिश्र, सोलू शुक्ला, कुंज बिहारी पांडेय, गामा पांडेय, विनोद पांडेय, गंगा प्रसाद तिवारी लवकुश तिवारी, गरुण पांडेय, संदीप दुबे, विकास मिश्रा, विकास पांडेय, लाडले उपाध्याय, कमलेश पांडेय, अवनीश, बबलू पांडेय, प्रज्वल पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### सहसों की 480 समूह सखियां रवाना, ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह ने दिखाई हरी झंडी

**सहसों।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा परेड ग्राउंड प्रयागराज में 14 मार्च से 23 मार्च तक आयोजित होने वाले सरस आजीविका मेले में सहभागिता के लिए विकासखंड सहसों की 480 स्वयं सहायता समूह सखी महिलाओं की टीम को शनिवार को बस द्वारा रवाना किया गया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह ने हरी झंडी दिखाकर समूह सखियों को मेले के लिए विदा किया। इस अवसर पर ब्लॉक मिशन प्रबंधक अविनाश शुक्ला ने बताया कि प्रयागराज के परेड ग्राउंड में आयोजित सरस आजीविका मेले में स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा तथा बिक्री के लिए स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इसके साथ ही सफल और सशक्त स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने का भी प्रावधान रखा गया है। उन्होंने बताया कि 14 मार्च से प्रारंभ होने वाले इस मेले में सहसों ब्लॉक से कुल 480 समूह सखियों को प्रतिभाग करने के लिए भेजा जा रहा है। इस मेले में क्षेत्रीय स्तर पर प्रत्येक जनपद से एक उत्कृष्ट स्वयं सहायता समूह, मंडलीय स्तर पर भी प्रत्येक जनपद से एक उत्कृष्ट समूह तथा जनपद स्तरीय मेले में प्रत्येक जनपद से कम से कम 20 से 25 स्वयं सहायता समूहों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

## नारी लीड्स स्वच्छता अभियान का समापन, महिला सफाई मित्रों का सम्मान

**प्रयागराज।** स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के तहत नगर निगम प्रयागराज द्वारा 8 मार्च से 14 मार्च तक चलाए गए ह्लनारी लीड्स स्वच्छता कार्यक्रमह्व का शनिवार को समापन हो गया। इस अवसर पर नगर निगम मुख्यालय के सभागार में महिला सफाई मित्रों के लिए सुरक्षा शिविर और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्वच्छ भारत मिशन की नोडल अधिकारी व सहायक नगर आयुक्त दीपशिखा पांडे के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम के पहले सत्र में महिला सफाई मित्रों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। नगर निगम कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव और पैथोहोम के तुषार के नेतृत्व में आयोजित शिविर में करीब 200 महिला कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया।

दूसरे सत्र में स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर और सनातनी किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी ने विभिन्न वार्डों से चयनित उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला सफाई मित्रों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में महिला सफाई कर्मियों की भूमिका बेहद अहम है और समाज को उनके योगदान का सम्मान करना चाहिए।

कार्यक्रम संयोजक व आईईसी हेड कृष्ण कुमार मौर्य ने बताया कि 8 मार्च से 14 मार्च तक शहर भर में नारी लीड्स स्वच्छता अभियान के तहत कई जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान 3500 से अधिक महिलाओं को अभियान से जोड़ा गया और 25 से अधिक जागरूकता सत्र आयोजित किए गए।

अभियान के तहत निःशुल्क चिकित्सा शिविर, सेनेटरी पैड वितरण, स्वच्छ सारथी क्लब की भागीदारी, आरआरआर सेंटर का संचालन और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की छात्राओं व एनसीसी कैडेट्स की सहभागिता से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन, राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 228442 वादों का रिकार्ड निस्तारण

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वाधान में जनपद न्यायालय, प्रयागराज व समस्त तहसीलो में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रातः 10 बजे माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,प्रयागराज सत्य प्रकाश त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलित करके उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी कमर्शियल कोर्ट प्रयागराज सुदामा प्रसाद उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत मे कुल 228442 वादो का निस्तारण किया गया। जनपद न्यायाधीश प्रयागराज सत्य प्रकाश त्रिपाठी द्वारा 04 सिविल वाद निस्तारित किए गए। राष्ट्रीय लोक अदालत में फौजदारी के कुल 12149 वादों का निस्तारण किया गया। पारिवारिक न्यायालय द्वारा कुल 79 वादो का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया गया। माननीय जनपद न्यायाधीश प्रयागराज द्वारा द्वारा 08 जोड़ो को आपसी सुलह समझौते के आधार पर एक साथ रहने के लिए समझौता किया गया और एक दूसरे को माला पहना कर मिठाई खिलाई गई।

प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय रविन्द्र कुमार द्वितीय द्वारा 34 वादों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पीठासीन अधिकारी उत्तरी पर्वेंद्र कुमार शर्मा द्वारा 265 वादो का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पीठासीन अधिकारी दक्षिणी निकुंज मित्तल द्वारा 108 वादो का निस्तारण किया गया। पीठासीन अधिकारी भूमि अधिग्रहण कृष्ण स्वरूप धर द्विवेदी द्वारा कुल 08 वादों का निस्तारण किया गया। रविकांत द्वितीय अपर जनपद न्यायाधीश, ई0 सी0 एक्ट के द्वारा विधुत के 651 मामलो का निस्तारण किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, त्रिशा मिश्रा के द्वारा 6242 वाद, विनय कुमार जायसवाल रेलवे मजिस्ट्रेट के द्वारा 2140 वाद, अपर मुख्य नायक मजिस्ट्रेट : 2 अरुण कुमार यादव द्वारा 1008 वाद निस्तारित किए गए। राजस्व न्यायालयो के द्वारा कुल 108707 वादो का निस्तारण किया गया। दीक्षा पीठासीन अधिकारी वर्चुअल कोर्ट द्वारा 8325 चालानी वाद निस्तारित किए गए.बैंक के प्री-लिटिगेशन के 1782 मामले निस्तारित किये गये। रविकान्त-द्वितीय, नोडल अधिकारी/एडीजे, लोक अदालत के निर्देशन में समस्त विभागो से समन्वय स्थापित कर लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया।

यह जानकारी शशि कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा दी गयी।

### क्षत्रिय कल्याण समिति का होली मिलन समारोह आज

**नैनी।** नैनी में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी क्षत्रिय कल्याण समिति यमुनापार के तत्वावधान में होली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन रविवार 15 मार्च को मध्यान्ह 12 बजे से चन्दलोक गेस्ट हाउस एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज में आयोजित हैं।उक्त जानकारी देते हुए समिति के मीडिया प्रभारी वरुण सिंह सोलंकी ने बताया कि पूर्व आईजी सी पी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह गौर एवं विशिष्ट अतिथि बार एसोसिएशन हाईकोर्ट के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह होंगे। समिति के पदाधिकारियों ने सभी सम्मानित क्षत्रिय बन्धुओं से समारोह में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### होली मिलन व कवि सम्मेलन आज

**नैनी।** नैनी राष्ट्रीय प्रतिभा विकास मंच एवं यमुनापार विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार शाम 3 बजे से त्रिपाठी मार्केट देवरी, नीबी में होली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम के आयोजक रामनाथ त्रिपाठी रसिकेश ने बताया कि कार्यक्रम में जाने माने कवियों द्वारा काव्यपाठ किया जाएगा।

## उपमुख्यमंत्री ने सम्राट अशोक महान के शिलालेखों की प्रतिकृतियों का किया लोकार्पण




अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी अरैल में सम्राट हर्षवर्धन बुद्ध विहार में आयोजित भव्य समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम केशव मौर्य अरैल स्थित सम्राट हर्षवर्धन बुद्ध विहार में सम्राट अशोक महान के शिलालेखों की प्रतिलिपियों का लोकार्पण करने पहुंचे। जहां समाजसेवी ने जोरदार उनका स्वागत किया कार्यक्रम में डिप्टी सीएम ने बौद्ध विहार में लोकार्पण किया। इसके साथ विभिन्न स्थानों से प्राप्त अशोक शिलालेखों पर अंकित बुद्ध के संदेशों की प्रतिकृतियों का अनावरण भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बृजेश कुमार मौर्य ने की। बौद्ध कम्युनिटी इंटरनेशनल प्रयागराज के जी.एस. शाक्य ने कार्यक्रम का संचालन किया। संस्था के अध्यक्ष विनोद विक्रम ने आभार प्रस्तुत किया, जबकि अतिथियों का स्वागत भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और संस्था के संरक्षक रणजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर विधायक वाचस्पति, पीयूष रंजन निषाद, जिलाध्यक्ष संजय गुप्ता, राजेश शुक्ला, निर्मला पासवान, महेंद्र प्रताप कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, अजय शर्मा, डी.डी. मौर्य, लल्लू लाल कुशवाहा, रणविजय सिंह, पार्षद मयंक यादव और पार्षद राकेश जायसवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## देवबरा धाम में आयोजित पूज्य राजन महाराज की श्रीराम कथा की तैयारियां जोरों पर

**जंघई।** देवबरा धाम, पिपरी ग्राम सभा में आयोजित 28 मार्च से 5 अप्रैल के मध्य अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पूज्य राजन जी महाराज की संगीतमय श्रीराम कथा के लिए भव्य तैयारियां जोरों पर हैं। रसमयी, संगीतमयी श्रीराम कथा के विशाल पंडाल में नौ दिन की कथा में लाखों भक्तों की भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है। यह कथा आध्यात्मिक आनंद और नैतिक मूल्यों का संदेश देती है, जिसे महाराज जी के सानिध्य में भव्य रूप से कार्यक्रम संयोजक राधे मोहन पांडेय मुन्ना के भागीरथी एवं अतुलनीय, अथक प्रयास से आयोजित किया जा रहा है। विगत एक वर्ष से कथा की भव्य तैयारी हेतु विभिन्न टोली बनाकर लोगों से संपर्क करके एवं निमंत्रण पत्र सौंपकर श्रीराम कथा को दिव्य एवं भव्य बनाने हेतु सहयोगियों द्वारा प्रतिदिन अथक प्रयास किया जा रहा है। सुप्रसिद्ध कथावाचक प्रेमभूषण जी महाराज के कृपापात्र अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पूज्य राजन जी महाराज नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा की अमृत वर्षा करेगें कथा की तैयारियां बहुत तेजी से चल रही हैं। राजन महाराज की यह कथा धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व रखती है, जिसमें वे भक्ति की महत्ता पर प्रकाश डालेंगे। तैयारियों का स्तर यह दशार्ता है कि आयोजन को सफल बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को विकास पांडेय इलाहाबादी के नेतृत्व में वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश कुमार पांडेय, मधुसूदन पांडेय, ब्रह्मा तिवारी, मुन्ना पांडेय, नागेश्वर पांडेय, डिंपी पांडेय, गरुण पांडेय, शुभम पांडेय, संदीप शुक्ला, शिवम पांडेय, दिनेश पांडेय, अजीत पांडेय को वारी एवं वृंदावन गांव में निमंत्रण पत्र सौंपा गया। गंगाधर शुक्ल, निशांत तिवारी, रिंकू सिंह, आदर्श, हर्ष तिवारी, राजा तिवारी आदि लोग अनवरत प्रतिदिन गांव, गांव पहुंचकर निमंत्रण पत्र लोगों को सौंप रहे हैं।

## क्षेत्र के लोगों का अपार स्नेह और विश्वास ही समाजसेवा के लिए करता है प्रेरित : राजू शुक्ला

भाजपा नेता एवं क्षेत्र के चर्चित जनसेवक के नेतृत्व में यूनाइटेड मेडिकल हॉस्पिटल के तत्वावधान में दीघिया में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन,बड़ी संख्या में लोगों ने कराई जांच प्राप्त किया स्वास्थ्य लाभ

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** क्षेत्र के चर्चित जनसेवक एवं भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ला (राजू भईया) के नेतृत्व शनिवार को यूनाइटेड मेडिकल हॉस्पिटल के तत्वावधान में दिघिया में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीणों ने पहुँचकर अपने स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों की जाँच करवाई और अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे मेजा के कुंवरपट्टी सोना भवन निवासी एवं क्षेत्र के बहुचर्चित भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ला (राजू भईया) ने कहा कि समाजसेवा हमारा उद्देश्य नहीं बल्कि संकल्प है। ऐसे में गाँव गाँव तक आम लोगों के बीच बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचे और हर व्यक्ति अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बने यह हमरा सच्ची समाजसेवा का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्रवासियों का अपार सहयोग,सहानुभूति और विश्वास ही हमें समाजसेवा के लिए निरंतर प्रेरित करता है। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के इस मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित क्षेत्र महिलाएं और पुरुषों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।




निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में अनुभवी चिकित्सकों से जांच कराती महिला

## ईमानदारी और सत्यनिष्ठा से की गई मेहनत जीवन में हमेशा होती है सार्थक : वरुण मिश्रा

नगर पंचायत सिरसा के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय कन्या में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह एवं खेलकूद प्रतियोगिता को वीडियो कांफ्रेसी के जरिए बीईओ उरुवा ने किया संबोधित

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** विकास खंड उरुवा के अंतर्गत आने वाले नगर पंचायत सिरसा बाजार स्थित पीएम श्री कन्या प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव और खेलकूद प्रतियोगिता समारोह कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। इस दौरान स्कूल की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहनीय प्रस्तुति भी की गई जिसकी उपस्थित लोगों ने जमकर प्रशंसा किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत सिरसा के चेयरमैन विपिन कुमार उर्फ लखन केसरी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की बच्चियों सृष्टि, साक्षी व मानसी द्वारा माँ सरस्वती की वंदना व मुख्य अतिथि के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय कन्या सिरसा के प्रधानाध्यापक रमाकांत सिंह ने मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित शिक्षक नेता विनोद कुमार शुक्ला को बुके, अंग वस्त्र तथा मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंटकर तथा माल्यार्पण करते हुए भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की शिक्षिकाओं स्वाति द्विवेदी, बिंदु सिंह व विभा द्विवेदी के मार्गदर्शन में छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झड़ी लगा दी। गौरतलब है कि छात्राओं की इस मनमोहक एवं सराहनीय प्रस्तुतियों ने जहां कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया वहीं उपस्थित लोगों जमकर प्रशंसा करते हुए बालिकाओं को धन्यवाद भी दिया। इस दौरान शिक्षाधिकारी उरुवा वरुण मिश्रा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्कूल के बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन मे ईमानदारी और सत्यनिष्ठा से की गई मेहनत हमेशा सफल होती है। उन्होंने छात्राओं का आह्वान करते हुए उन्हें समय का सदुपयोग करने और अपने जीवन को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन मेजबान विद्यालय के शिक्षक संकुल संपूणार्नंद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित शिक्षक नेता विनोद शुक्ला तथा एआरपी रामानंद शुक्ला ने बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर उनका हौसला अफजाई किया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्षा श्रीमती कमरून, नोडल शिक्षक संकुल अशोक यादव, मुकेश शुक्ला, बिंदु सिंह, स्वाति द्विवेदी, विभा द्विवेदी, प्रदीप मोहन सिंह, शर्मिला बानो, पुष्कर द्विवेदी, चंचला गुप्ता, बीआरसी लेखाकर कृष्ण कुमार शुक्ला, राघवेंद्र प्रताप सिंह, राजेश कोलहा, बृजेश यादव, अर्जुन सिंह, अजय ओझा, बलिराम, अखिलेश यादव, अरबिंद यादव, जितेंद्र सिंह आदि के अलावा विद्यालय के छात्र राजू केशरी, सभासद मुन्ना यादव, आशीष केसरी, बशिष्ठ मुनि तिवारी,राजू केशरी और गणमान्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय कन्या सिरसा के वार्षिकोत्सव समारोह में मंचासीन अतिथिगण

# पुलिस भर्ती परीक्षा : डीएम व एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा को लेकर जनपद प्रतापगढ़ का प्रशासन पूरी तरह सतर्क और अलर्ट मोड में दिखाई दिया। परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और नकलविहीन तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में शनिवार को जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों क्रमशः लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज, एमडीपीजी कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तथा राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने परीक्षा केंद्रों पर लागू बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम और आधार आधारित प्रमाणीकरण प्रक्रिया की भी गहनता से देखा। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक अभ्यर्थी की पहचान सत्यापित करने के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पूरी तरह पालन किया जा रहा है, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना न रहे। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों के मुख्य प्रवेश द्वारों पर चल रही चेकिंग व्यवस्था का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों और सुरक्षा कर्मियों से अभ्यर्थियों की तलाशी, प्रतिबंधित वस्तुओं की जांच तथा प्रवेश प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यक्षमता की भी जांच की गई ताकि पूरे परीक्षा परिसर की लगातार निगरानी सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मौके पर मौजूद केंद्र व्यवस्थापकों, मजिस्ट्रेटों, पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने की हिदायत दी ताकि परीक्षा की शुचिता बरकरार रहे। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## युवती व किशोरी से छेड़खानी का विरोध करने पर मारपीट का लगाया आरोप

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की एक युवती व किशोरी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही चार युवकों पर छेड़खानी, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार वह अपनी पुत्री के साथ गांव के पास स्थित एक मोबाइल दुकान पर मोबाइल बनवाने गई थी। मोबाइल ठीक करवाकर जब दोनों घर वापस लौट रही थीं, तभी रास्ते में गांव के ही चार युवक पहुंच गए और अश्लील टिप्पणियां करने लगे। जब युवती और किशोरी ने इसका विरोध किया तो आरोप है कि युवकों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने मारपीट के बाद उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद डरी-सहमी युवती अपनी पुत्री को लेकर पट्टी कोतवाली पहुंची और पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर नामजद आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारम्भ




**कुंडा।** कृपालु महिला महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ शनिवार को प्राथमिक विद्यालय अधिया में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक गिरीश चंद्र पांडे तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेखा शुक्ला, डॉ. निभा रानी, अंजलि महाकालकर और बबीता सरोज द्वारा परम पूज्य प्रातः स्मरणीय जगतगुरु उत्तम कृपालु महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं आरती करके किया गया। अतिथियों के स्वागत में स्वयंसेवी छात्रा खुशी मिश्रा और शुभी मिश्रा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद छात्राओं ने स्वच्छता अभियान और सुरक्षित-असुरक्षित स्पर्श विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। शिविर के अंतर्गत ग्राम अधिया में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। स्वयंसेवी छात्राओं ने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर नारे लगाते हुए ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने ह्लसाफ-सफाई लाना है, नहीं दवाई खाना हैह्व तथा ह्लअब हमने यह ठाना है, भारत को स्वच्छ बनाना हैह्व जैसे नारों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। छात्राओं ने प्राथमिक विद्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की और कूड़े का निस्तारण किया। साथ ही ग्रामीण महिलाओं और बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया। सड़क के आसपास भी सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत ह्लउठे समाज के लिए उठेह्व के साथ किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों को मिष्ठान वितरण भी किया गया।

## न्यूज झरोखा

### वसूली वारंट में फरार चल रहा अभियुक्त गिरफ्तार




**पट्टी।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आसपुर देवसरा पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना आसपुर देवसरा पुलिस ने वसूली वारंट के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को उपनिरीक्षक कृष्णानन्द श्रीवास्तव अपने हमराही कांस्टेबल रंजीत कुमार के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति व वाहन की चेकिंग तथा वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की तलाश में निकले थे। इसी दौरान न्यायालय जनपद जौनपुर द्वारा जारी वसूली वारंट संबंधित अभियुक्त परवेश चैहान पुत्र श्यामशंकर निवासी ग्राम आसपुर देवसरा थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की उम्र लगभग 33 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### शादी का झांसा देकर युवती को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार




**पट्टी।** अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए आसपुर देवसरा पुलिस ने एक बार फिर प्रभावी कार्रवाई करते हुए शादी का झांसा देकर युवती को अपने साथ लेकर फरार होने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है और अपराधियों में खौफ का माहौल देखा जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर जनपद के थाना लंभुआ क्षेत्र के कमरपुर गांव निवासी कैफ उर्फ सेबू कुछ दिन पूर्व एक युवती को शादी का झांसा देकर अपने साथ लेकर फरार हो गया था। घटना के बाद युवती के परिजनों ने थाना आसपुर देवसरा पहुंचकर लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत मिलते ही थाना प्रभारी राकेश चैरसिया के नेतृत्व में आसपुर देवसरा पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। लगातार दबिश और सटीक रणनीति के चलते पुलिस ने आरोपी कैफ उर्फ सेबू को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी राकेश चैरसिया ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### पाक कला के माध्यम से छात्राओं ने खाना बनाना सीखा



**बेलखरनाथ धाम।** छात्राओं के लिये पाक कला आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरी खालसा में किया गया।जिसकी अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्य कुसुम लता ने की।उक्त कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने न केवल भोजन बनाना सिखा बल्कि पोषण और स्वच्छता के महत्व को भी समझा।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को अलग-अलग समूह में बांटकर एक दूसरे से आपसी सहयोग से विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजन तैयार किये गये जिन्हें शिक्षकों ने चखकर पुरस्कार दिया। इस मौके पर उच्च प्राथमिक विद्यालय के व्यायाम शिक्षक तेजस्वी शुक्ला ने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ जीवन कौशल का भी ज्ञान होना आवश्यक है इस तरह के आयोजनों से छात्राओं में जहां सीखने की क्षमता में वृद्धि होती है वही उनमें आत्मनिर्भरता भी बढ़ती है। इस मौके पर विद्यालय की राजेंद्र प्रताप सिंह, अफजाल अहमद, अमर देव आदि मौजूद रहे। पाक कला में भाग लेने वाली छात्राओं किंजल, सानिया, रिया, रोशनी, यीशु, राधिका, अंशु, नम्रता, प्रियंजलि, अंजलि, उन्नति, निरुपमा, नेहा, अंजलि आदि ने भाग लिया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 138522 वादों का हुआ निस्तारण



**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायालय परिसर प्रतापगढ़ में राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत उद्घाटन प्रशासनिक न्यायमूर्ति मंजू रानी चैहान द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशासनिक न्यायमूर्ति मंजू रानी चैहान द्वारा सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अधिक से अधिक संख्या में आपसी सुलह समझौते से मुकदमों का निस्तारण लोक अदालत में करें, जिससे अधिक से अधिक वादकारियों को लाभ मिल सके। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश राजीव कमल पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिकांश संख्या में वादों के निस्तारण से आम जनमानस को मुकदमो से छुटकारा मिलता है। कार्यक्रम का संयोजनध्संचालन शाम्भवी द्वितीय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं लोगो के प्रति आभार नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अंकिता दुबे ने किया। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण विजय पाल एवं प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय रीता गुप्ता व राम नारायण अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत एव समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं अधिवक्ता संगठनों के पदाधिकारीगण, मध्यस्थगण, पैनल अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेन्स काउन्सेल एवं पी0एल0वी0गण उपस्थित रहे। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 138522 वादों का निस्तारण किया गया। जिनमें 4431 फौजदारी वाद, 14 एन0आई0 एक्ट, 187 विद्युत वाद, 41 मोटर दुर्घटना वाद, 57 वैवाहिक वाद, 37 सिविल वाद, 981 बैंक ऋण, 04 बी0एस0एन0एल0 वाद, 03 स्थायी लोक अदालत, प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा 131772 मामले एवं यातायात कार्यालय द्वारा 1570 वादों का निस्तारण किया गया। उपरोक्त प्रकरणों के अन्तर्गत फौजदारी वादों में 106490 रुपए का अर्थदण्ड वसूल किया गया, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति वादों में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के अधिकारी विजय पाल द्वारा कुल 41 मामलो में विपक्षी बीमा कम्पनियों से पीड़ित याचीगण को रुपए 27224000 का प्रतिकर दिलाया गया, बैंको के बकाया ऋण के 981 मामलों में बैंक एवं बकायेदारो के मध्य 60386905 रुपए एवं बी0एस0एन0एल0 वादों में कुल रूपया 7550 का समझौता हुआ। परिवार न्यायालय द्वारा 57 वैवाहिक मामलों का निस्तारण कराया गया, जिसमें कुल 21 जोडो को आपसी सुलह समझौते के आधार पर बिदाई करायी गई।

# राष्ट्र के प्रति त्याग और बलिदान की प्रेरणा है महाराणा प्रताप का अप्रतिम व्यक्तित्व : प्रमोद तिवारी



**लालगंज।** सांगीपुर क्षेत्र के भुसूर मुरैनी में शनिवार को महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने समारोहपूर्वक लोकार्पण किया। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम का सांसद प्रमोद तिवारी ने फीता काटकर जैसे ही शुभारंभ किया कार्यक्रम स्थल पर महाराणा प्रताप का जयघोष गूंज उठा दिखा। मुख्य अतिथि सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि महाराणा प्रताप कि अदम्य साहस और देश के प्रति त्याग तथा बलिदान से हमें राष्ट्रीय समर्पण की सशक्त प्रेरणा मिला करती है। उन्होने कहा कि राष्ट्रनिष्ठा के लिए महाराणा प्रताप का वीरतापूर्ण व्यक्तित्व एवं कृतित्व अप्रतिम गर्व प्रदान किया करता है। उन्होने कहा कि महाराणा प्रताप जैसे वीर देशभक्तों ने हमें आजादी का सशक्त मार्ग दिखलाया। उन्होने कहा कि राष्ट्र के आन बान और शान के लिए भारतीयों की एकजुटता दुनिया में हमें मजबूत देश का गौरवशाली दर्जा प्रदान किये हुए है। कार्यक्रम में उन्होने देश को आजाद कराने में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने त्याग और बलिदान की भी चर्चा करते हुए लोगों से राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पण का जोशीला आहवान भी किया। उन्होने कहा कि देश का सिर ऊंचा बनाए रखने के लिए जब जब आवश्यकता पड़ी है देश के लोगों ने अपना सर्वस्व समर्पण किया है। उन्होने राष्ट्रीयता की भावना को भारत की सामूहिक सफलता की शक्ति भी करार दिया। कार्यक्रम के संयोजक विजयभान सिंह ने प्रारम्भ में महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी रामदेव सिंह व संचालन वरिष्ठ साहित्यकार अर्जुन सिंह ने किया। आभार प्रदर्शन विजय बहादुर सिंह ने किया। समारोह में ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू, वीरेन्द्र सिंह, आद्या प्रसाद सिंह, जय सिंह राजपूत, राजेश शुक्ला, तेजभान सिंह, प्रकाश सिंह, गौरव सिंह, दगपाल यादव भी मौजूद रहे। इसके पहले सांसद प्रमोद तिवारी ने ननौती में कार्यकताओं से भी मुलाकात कर क्षेत्र में विधायक आराधना मिश्रा द्वारा संचालित विकास से जुड़ी योजनाओं के पूर्ण होने में सहयोग भी मांगा। यहां कार्यकताओं ने सांसद प्रमोद तिवारी का माल्यार्पण कर स्वागत भी किया।

# लोक अदालत का उददेश्य त्वरित न्याय को मजबूत बनाना है : अपर जिला जज



**लालगंज।** स्थानीय सिविल न्यायालय सीनियर डिवीजन में शनिवार को लोक अदालत में एक सौ आठ वाद निस्तारित हुए। इनमे एक सौ छः आपराधिक वाद तथा दो सिविल वाद हैं। लोक अदालत का शुभारंभ अपर जिला जज रघुवीर सिंह राठौर ने किया। वहीं लोक अदालत के आयोजन को लेकर न्यायिक अधिकारियों ने दीवानी परिसर में पौधरोपण भी किया। अपर जिला जज रघुवीर सिंह राठौर ने कहा कि लोगों को त्वरित न्याय प्रदान करने तथा छोटे मोटे विवादों को समाप्त कराने में लोक अदालत की अहम भूमिका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसीजेएम विराटमणि त्रिपाठी ने कहा कि न्याय का समान अवसर प्रदान करना ही लोक अदालत का उददेश्य है। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता पवन पाण्डेय, रमेश पाण्डेय, विभूति शुक्ला, करूणाशंकर मिश्र, जान्हवी प्रताप सिंह, शहजाद अंसारी, वीरेन्द्र सिंह, कमलेश त्रिपाठी आदि भी मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय में मेधावियों का हुआ सम्मान



**लालगंज।** विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय समशेरगंज में शनिवार को कक्षा पांच के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ साहित्यकार डॉ0 सच्चिदानंद त्रिपाठी की सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं अंशिका, साक्षी, सोनाक्षी, रहनुमा, आदर्श, दिव्यांशु ने स्वागत गान, राष्ट्र गीत आदि की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। बतौर मुख्य अतिथि पूर्णिमा विश्वकर्मा ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा बच्चों के जीवन की सबसे मजबूत नींव होती है। उन्होने बच्चों को परिश्रम, अनुशासन व निरंतर अध्ययन से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि डॉ0 सच्चिदानंद त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा के साथ अच्छे संस्कारों की सीख भी जरूरी है। जिससे कि सभ्य समाज को मजबूती मिल सके। उन्होने कहा कि विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ नैतिक मूल्यों को अपनाकर समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनना चाहिए। शिक्षक मुक्ता गुप्ता ने छात्रों को सफलता के लिए मेहनत और लगन से काम करने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में मेधावी छात्र छात्राओं को कॉपी पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं प्राथमिक विद्यालय को शिक्षण कार्य हेतु निःशुल्क डेस्क बेंच प्रदान करने वाले क्षेत्र के शमशाद खान, मुख्तार खान व राम औतार वर्मा को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक अनिरूद्ध यादव व संचालन हरिवंश शुक्ल शौर्य ने किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ0 अरूण कुमार रत्नाकर ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर मीना गुप्ता, रवीन्द्र शर्मा, माधुरी देवी, नगीना गौतम, शुभम कुमार, सोना देवी, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### मैजिक की टक्कर से महिला घायल

**प्रतापगढ़।** मैजिक व बाइक की भिडंत में महिला घायल हो गयी। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया है। उदयपुर थाना के राहाटीकर गांव की रेनू सिंह शनिवार को अपने पति शिव प्रताप सिंह के साथ रानीगंज कैथौला बाजार खरीददारी करने आयी थी। इसी दौरान मैजिक वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे रेनू गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल को इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर लालगंज भेजवाया गया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## घर के सामने विद्युत पोल लगाने का विरोध, डीएम से लगाई गुहार

**पट्टी।** तहसील क्षेत्र के विकासखंड आसपुर देवसरा अंतर्गत अतरौरा गांव निवासी राम मूर्ति वर्मा ने शनिवार को जिलाधिकारी प्रतापगढ़ को शिकायती पत्र देकर गांव में चल रहे विद्युतीकरण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाया है।राम मूर्ति वर्मा का कहना है कि गांव में विद्युत पोल मनमाने तरीके से लगाए जा रहे हैं। आरोप है कि एक पोल उनके घर के ठीक सामने लगाने की तैयारी की जा रही है, जिससे उनके आवागमन में बाधा उत्पन्न होने के साथ ही अन्य समस्याएं भी खड़ी हो सकती हैं।पीड़ित ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कराकर विद्युत पोल को निर्धारित सर्वे के अनुसार ही लगाए जाने की मांग की है, ताकि किसी भी ग्रामीण को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।इस संबंध में सदहा क्षेत्र के जेई अमरपाल ने बताया कि गांव में विद्युत पोल सर्वे के अनुसार ही लगाए जा रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति द्वारा शिकायती पत्र दिया जाता है तो उसकी जांच कराई जाएगी और जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए सर्वे के अनुरूप ही पोल लगाए जाएंगे।

# जिला कारागार में व्यस्क अशिक्षित बंदियों के लिये शिक्षा प्लस कार्यक्रम का हो रहा है आयोजन



**प्रतापगढ़।** बंदियों के पुनर्वास और उनके व्यक्तित्व विकास के लिए सराहनीय पहल की जा रही है। इसी क्रम में शिव नादर फाउंडेशन द्वारा वयस्क अशिक्षित बंदियों के लिए ह्यशिक्षा प्लसह्न कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बंदियों को ऑडियो-विजुअल माध्यम से 90 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रत्येक बैच में लगभग 30 बंदी शामिल हो रहे हैं। इसके साथ ही संस्था द्वारा 07 बंदियों को प्रशिक्षित कर उन्हें अन्य बंदियों को शिक्षित करने की जिम्मेदारी भी दी गई है, जिससे शिक्षा का दायरा और अधिक बढ़ रहा है। इस कार्यक्रम के समन्वयक मेराज खान हैं। इसके अतिरिक्त बंदियों के पुनरूत्थान हेतु गायत्री परिवार की ओर से अशोक कुमार तिवारी द्वारा योग, आध्यात्मिक मार्गदर्शन तथा नैतिक मूल्यों के विकास से संबंधित सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इन सत्रों के माध्यम से बंदियों में सकारात्मक सोच विकसित करने और उन्हें एक जिम्मेदार व बेहतर नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी द्वारा बंदियों का मार्गदर्शन किया गया।

## जमीन की रंजिश में की मारपीट, केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** जमीन पर लगे बांसबल्ली व कंटीले तार को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के उधरनपुर गांव निवासी अमरनाथ यादव पुत्र रामदयाल यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह अपनी पुत्री सुशीला पत्नी देवराज यादव द्वारा क्रय की गयी जमीन की देखभाल करता है। पीड़ित का आरोप है कि बीती तेरह मार्च को गांव के विनोद कुमार सरोज ने अपने पिता छोटेलाल सरोज के साथ मिलकर जमीन पर लगे बांसबल्ली व कंटीले तार को क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित के विरोध करने पर एससीएसटी के फर्जी मुकदमें में फंसा देने की धमकी दी। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपी उसकी भूमिधरी पर खडण्जा लगाने का भी प्रयास कर रहे हैं। कोतवाल आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** आशा इंटर मीडिएट कॉलेज का वार्षिकोत्सव समारोह बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों के नाम रहा। आयोजित कार्यक्रम में छात्रों ने नृत्य, संगीत, एकांकी और लोक विधाओं के माध्यम से सामाजिक संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

चैखड़ पूरे अंती के आशा इंटर मीडिएट कॉलेज में आयोजित वार्षिकोत्सव का शुभारंभ सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने किया। छात्र-छात्राओं ने गणेश व सरस्वती वंदना से अतिथियों का मन जीत लिया। छात्रा गौरी सिंह की गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो.. पर बांसुरी वादन तथा तेरी मंद मंद मुस्कानियों पर बलिहार राघव जी..की भावपूर्ण प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत भांगड़ा नृत्य, हनुमान चालीसा पर नृत्य, मां तुझे सलाम, डांडिया डांस, होली गीत, कव्वाली और लोकगीतों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं जैसी करनी वैसी भरनी, वन रक्षा-औषधि रक्षा और नशा मुक्ति जैसी एकांकी प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने सशक्त संदेश दिया। कवि दरबार में बच्चों द्वारा प्रस्तुत हास्य एवं श्रृंगार रस की रचनाओं पर तालियों गूंजती रही। मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने बच्चों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा की। प्रबंधक कैप्टन डीवी से अतिथियों का स्वागत कर आभार जताया। संचालन गुलजार अहमद ने किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सीबी सिंह, खेल शिक्षक लालजी त्रिपाठी, दीपक सिंह, साक्षी सिंह, गीता पाल, प्रीति सिंह, अंजू सरोज, सकीना बानो, प्रदुम सिंह, सुभाष यादव आदि मौजूद रहे।

## अलग अलग घटनाओं में दो युवती समेत तीन लापता

**प्रतापगढ़।** अलग अलग घटनाओं में युवती व किशोरी के गायब होने को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दस मार्च को उसकी उन्नीस व बीस वर्षीया दो पुत्रियां घर से निकली तो वापस नहीं लौटीं। खोजबीन के दौरान जानकारी हुई कि दोनों युवतियां दिल्ली चली गयी हैं। वहीं दूसरी घटना में उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता का आरोप है कि बीती बारह मार्च को सुबह करीब चार बजे उसकी सत्रह वर्षीया पुत्री घर से शौच के लिए निकली। उसके घर न लौटने पर काफी खोजबीन के बाद भी किशोरी का पता नही चला। लापता दोनों बहनों व किशोरी के मामले में जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# सामूहिक विवाह में एक दूजे के हुए 101 जोड़े

**अवधेश चंद्र पांडेय**



**कुंडा।** नगर पंचायत कुंडा में शनिवार को आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 101 जोड़े एक दूजे के हुए। इस दौरान 101 दूल्हों की अनोखी और भव्य बारात एक साथ निकाली गई। बैंड-बाजे, आतिशबाजी शहनाई, सांस्कृतिक कार्यक्रम और मंगल गीतों के बीच निकली बारात को देखने के लिए आसपास के हजारो लोग उमड़ पड़े। यह भव्य आयोजन योगीराज देवरहा बाबा चैरिटेबल ट्रस्ट और राजा भैया यूथ ब्रिगेड के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मंत्री एवं कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह ह्लराजा भैयाह्व ने किया। प्रयागराज-लखनऊ हाईवे से गुजर रहे राहगीर भी रुककर इस भव्य दृश्य को देखने लगे। बारात विवाह स्थल बजरंग महाविद्यालय पहुंची तो मुख्य द्वार पर पूर्व मंत्री राजा भैया सहित कई जनप्रतिनिधियों ने सभी दूल्हों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह ह्लगोपाल भैयाह्व, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर यादव, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डॉ. के.एन. ओझा, बाबागंज विधायक विनोद सरोज तथा प्रतिनिधि हरिओम शंकर श्रीवास्तव सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे और नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दीं। समारोह में आए हजारों बारातियों और अतिथियों के लिए भव्य भोजन की व्यवस्था की गई थी। भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी ब्लाक प्रमुख कुंडा संतोष सिंह, पूर्व प्रमुख बिहार अनुभव यादव पप्पू, बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं ने संभाली। इस अवसर पर राजा भैया यूथ ब्रिगेड अध्यक्ष इंद्रदेव पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बब्लू सिंह, प्रफुल्ल सिंह डब्बू, समाजसेवी संजय जायसवाल, प्रधान प्रदीप विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# तीन घरों का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी

**पूर्व के समय में कई लोगों के साथ भैंस चोरी की घटनाएं हुई थी उसका भी खुलासा थाना पुलिस नहीं कर सकी है, चरवा थाना क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव में चोरी की घटनाएं से ग्रामीणों में दहशत**

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव में शुक्रवार की आधी रात को गांव के तीन लोगों के घरों में ताला तोड़कर घर के अंदर घुसे चोर सोने चांदी के जेवर नगद रुपए सहित लगभग चार लाख रुपए से अधिक कीमत का सामान उठा ले गए हैं पीड़ित परिजनों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी है सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर वापस लौट आई है तीन घरों में एक साथ चोरी की घटना के खुलासा में खबर लिखे जाने तक पुलिस किसी नतीजे तक नहीं पहुंची है पूर्व के समय में कई लोगों के साथ भैंस चोरी की घटनाएं हुई थी उसका भी खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है एक साथ बालीपुर टाटा गांव में एक रात में तीन घरों में चोरी की घटनाओं के बाद पूरे गांव में दहशत और भय का माहौल व्याप्त है ग्रामीण परेशान दिखाई पड़ रहे हैं पुलिस के गस्त व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव निवासी मालती देवी पत्नी हरिओम के घर में आधी रात को बगल के कमरे का ताला तोड़कर चोर घर के भीतर घुस गए महिला का पति हरि ओम कुम्हियावा बाजार निमंत्रण खाने गया था घर में महिला और उसके बच्चे मौजूद थे आधी रात को घर में खटपट की आवाज सुनकर महिला जब बगल के कमरे में पहुंची तो वहां देखा कि कमरे का ताला टूटा है और कमरे के अंदर रखा बक्से का ताला तोड़कर 15 हजार रुपए नगद सोने का मंगलसूत्र लॉकेट पुल्ली लगभग 4 ग्राम वजन और चांदी के जेवर चैन पट्टी छागल करधनी लगभग 850 ग्राम वजन का सामान चोर उठा ले गए हैं महिला के घर से तीन लाख कीमत की चोरी हुई है। इसके बाद गुड्डी देवी पुत्र चंदूल के घर चोर पहुंचे और उसके बगल के घर में ताला तोड़कर चोर भीतर घुस गए बक्से का ताला तोड़कर 35 हजार रूपए नगद और लगभग ढाई सौ ग्राम चांदी के जेवर चोर उठा ले गए हैं महिला के घर से भी लगभग एक लाख रुपए से अधिक कीमत का सामान उठा ले जाने में चोर कामयाब रहे शनिवार की सुबह 5 बजे जब महिला जागी और बगल के घर में ताला टूटा देखा तो उसे चोरी की घटना की जानकारी हुई इसके बाद शिवलोचन के घर बेखौफ होकर चोर पहुंचे और उसके घर में ताला तोड़कर भीतर घुस गए शिवलोचन के घर से 22 हजार रुपए नगद चोर उठा ले गए हैं तीनों परिवारों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी है।

## समाधान थाना दिवस पर समस्त थानों पर सुनी गई जनशिकायते

**कौशांबी।** जिले में थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार व जिलाधिकारी कौशाम्बी डॉ० अमित पाल द्वारा जनशिकायतों को सुनकर कुछ प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया साथ ही निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बन्धित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर जाकर प्रकरण का निस्तारण किया जाये, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना ना पड़ें व प्रकरणों का त्वरित व न्यायपूर्ण निस्तारण हो सकें इसी क्रम में जनपद के समस्त थानो पर सम्बन्धित अधिकारी द्वारा जनशिकायतों को सुना गया जनपद में कुल 25 ( 22 भूमि विवाद व 03 अन्य विवाद पुलिस ) प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु टीमों का गठन कर मौके पर रवाना किया गया।

## न्यूज झरोखा

### बालिका के आत्महत्या किए जाने के मामले में प्रेमी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के फकीर बक्स का पुरवा गांव की नाबालिग बालिका कुमारी आंचल उम्र 16 वर्ष अपने पड़ोस के गांव बरीपुर के लड़के से प्रेम करती थी दोनों के बीच नजदीकियां बनी थी लेकिन इसके बाद बालिका के प्रेमी सुरेंद्र गौतम ने उससे दूरी बनाना शुरू कर दी जब बालिका ने दबाव बनाया तो सुरेंद्र गौतम ने कहा कि तुम हमारे प्यार में क्या कर सकती हो फांसी लगा कर दिखाओ तुम मुझसे कितना प्यार करती हो और प्यार में किस हद तक जा सकती हो इसी के चलते 13 मार्च को आंचल ने फांसी लगाकर अपने प्रेमी के शर्त कों को पूरा कर दिया मामले की शिकायत बालिका की मां रुक्मिणी देवी पत्नी बच्चा लाल ने थाना पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है बालिका के परिजनों ने पुलिस से स्पष्ट कहा कि जब तक आरोपी युवक की गिरफ्तारी नहीं होगी बालिका का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा सीओ सिराथू के समझाने बुझाने के बाद परिजनों ने 14 मार्च को अंतिम संस्कार कर दिया है जहां भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा पुलिस के मामले में मुकदमा दर्ज कर बालिका के प्रेमी सुरेंद्र गौतम पुत्र राम आसरे निवासी बरीपुर को गिरफ्तार कर लिया है और पुलिस ने आरोपी युवक को अदालत में पेश किया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### आम जनता की जीविका से खिलवाड़ करती है भाजपा : संगीता कोरी



**कौशाम्बी।** मंझनपुर विधानसभा के अन्तर्गत ग्राम समदा में जिलाध्यक्ष कांग्रेस गौरव पाण्डेय के निर्देशानुसार नगर अध्यक्ष संगीता कोरी के कैंप कार्यालय पर शनिवार को कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व के द्वारा चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ अभियान के तहत चौपाल लगाकर मौजूद लोगों को बताया कि कैसे भाजपा सरकार मनरेगा योजना का नाम बदलकर इस योजना को समाप्त करने के फिराक में है इस दौरान संगीता कोरी ने कहा कि कांग्रेस पाटी आम जनता की पाटी रही है कांग्रेस ने देश की महिलाओं के लिए तमाम लाभकारी योजनाओं को संचालित किया जिससे उनकी जीविका मजबूती से चल सके लेकिन आज भाजपा सरकार महिलाओं को सुरक्षा नहीं दे पा रही है और न ही उनकी जीविका को चला पा रही है केवल नाम बदलने का काम भाजपा कर रही है। जिला सचिव व कार्यालय प्रभारी हेमन्त रावत ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हमेशा गरीबों के लिए तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं को चलाया है लेकिन वर्तमान समय में भाजपा सरकार ने योजनाओं का या नाम बदल दिया या उस योजना को बंद कर दिया !भाजपा सरकार हमेशा धर्म और जाति की राजनीत कर देश की जनता का ध्यान भटकाती है चौपाल में मुख्य रूप से मीना देवी,मालती देवी,प्रभा देवी, प्रेमा देवी,लालती देवी,नोखे लाल यादव,रामधनी यादव,मुकेश कुमार,अंजू देवी महारानी देवी रामसुरेश सरोज विक्रम पासी आदि लोग मौजूद रहे।

# उप निरीक्षक सीधी भर्ती परीक्षा का एसपी के साथ एडीजी ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** उप निरीक्षक सीधी भती परीक्षा- 2025 के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन प्रयागराज द्वारा पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के साथ जनपद कौशाम्बी के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया गया व अधिकारियों कमर्चारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए उत्तर प्रदेश पुलिस भती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उप निरीक्षक सीधी भती परीक्षाझ2025 को जनपद कौशाम्बी में सकुशल,निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन प्रयागराज द्वारा पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के साथ परीक्षा केंद्रों करारी इण्टर कॉलेज करारी का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था,अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं चेकिंग व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान द्वारा परीक्षा केंद्र पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कमर्चारियों की ड्यूटी की समीक्षा करते हुए उन्हें पूर्ण सतकर्ता,अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा अनुचित गतिविधि न होने पाए,यह भी निर्देशित किया गया कि परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को सुरक्षित सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है। अतः सभी अधिकारी एवं कमर्चारी आपसी समन्वय के साथ परीक्षा को सकुशल,निष्पक्ष एवं पारदशी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु पूर्ण गंभीरता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। द्वारा निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कायशीलता का भी अधिकारियों ने परीक्षण किया।

# खड़ी फसल में दबंगों द्वारा हो रहे निर्माण में मौके पर पहुंचे न्यायिक मजिस्ट्रेट

**एसडीएम न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में बटवारा का मुकदमा है विचाराधीन**

अखंड भारत संदेश



**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के टिकरा ग्राम में मानिक चंद्र की जमीन पी डब्ल्यू डी की रोड पर गाटा संख्या 76 भूमिधरि जिसका रकबा 1.623 हेक्टेयर जमीन हैं जिस पर लगातार खड़ी फसल में निर्माण कार्य चल रहा था जिसकी शिकायत मानिक चन्द्र पुत्र स्वा सूरज पाल ने करते हुए बताया कि अपने हिस्से पर गेहूं की फसल लगाई है जिस पर जबरन विपक्षी इंद्र पाल अपने दो दर्जनों मजदूरों के साथ दबंगई से मकान निर्माण कर जा रहा है मानिक चन्द्र स्वा सूरज पाल ने बताया कि लेखपाल व थाना पुलिस की मिली भगत से इंद्र पाल निर्माण कर रहा था जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट मौज अख़्तर ने पहुँच कर जांच किया तो मामला सही पाया गया जिस पर तत्काल प्रभाव से कार्य रोकने को उन्होंने कहा और जब तक निर्णय न हो जाय तब तक कोई भी निर्माण कार्य न किया जाय यदि कोई निर्माण कार्य कराया गया तो कार्यवाही की जाएगी जिससे उपजिलाधिकारी न्यायिक मजिस्ट्रेट सिराथू के कोर्ट में चंदी लाल व मानिक चन्द पुत्र सूरज पाल ने धारा 116 बंटवारे का वाद दायर हैं जिसमे 20-03-2026 निहित है लेकिन दबंगो के द्वारा लगातार मकान निर्माण किया जा रहा था विपक्षी इंद्रपाल व उसका लड़का रमेश अपने समस्त दबंगो के साथ निर्माण कार्य करा रहा था पीड़ित परिवार ने उपजिलाधिकारी से शिकायत कर अपनी गेंहू की फसल बचाने के लिए गुहार लगायी थी जिस पर परिजनों ने अपना हिस्सा अलग चिन्हित होने तक निर्माण कार्य को रोकने को कहा न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जांच कर मुकदमा दर्ज कर शख्त कार्यवाही को कहा मौके पर कानून गो व लेखपाल व अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी में काम रूकवाया गया।

### गैस एजेंसी का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ अमित पाल ने पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के साथ मंझनपुर स्थित कमला एचपी गैस एजेंसी का निरीक्षण किया इस दौरान अधिकारियों ने एजेंसी की व्यवस्थाओं और सुरक्षा मानकों की जांच की।निरीक्षण के दौरान गैस सिलेंडरों के रख-रखाव,सुरक्षा व्यवस्था तथा वितरण प्रणाली का अधिकारियों ने जायजा लिया। साथ ही संबंधित कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी भी प्राप्त की अधिकारियों ने एजेंसी संचालकों को सुरक्षा मानकों का पूरी तरह से पालन करने के निर्देश दिए और कहा कि गैस सिलेंडरों के भंडारण एवं वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। साथ ही आम लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

## चोरी का वाहन बरामद कर चोरी करने वाले अभियुक्त व बाल अपचारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** फतेहपुर जनपद के ग्राम बहलोलपुर ऐलई थाना खागा निवासी सुनील कुमार पुत्र गंगाचरन ने अपनी मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स वढ71 अख8033 अपने भतीजे को दी थी जिसे भतीजे के घर ग्राम डकशरीरा थाना महेवा घाट से दिनांक 06.03.26 की रात्रि मे अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया हैं थाना पर मु0अ0सं0 48/2026 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत हुआ महेवाघाट पुलिस ने सर्विलांस एवं सीसीटीवी के माध्यम से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश मे आए अभियुक्त सूबेदार उर्फ अतुल पुत्र बाबूलाल निवासी डकशरीरा थाना महेवाघाट को गिरफ्तार गया व 02 अन्य बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा मे लिया अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स वढ71अख8033 बरामद हुई विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया।

## विवाहिता के आत्महत्या करने पर पति हुआ गिरफ्तार

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के लहना गांव में 10 मार्च को पति जगजीत की प्रताड़ना से पीड़ित होकर विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया था इलाज के दौरान विवाहिता की मौत हो गई विवाहिता के भाई हरिश्चन्द्र निवासी बनीखास थाना व जनपद कौशाम्बी ने थाना करारी पर सूचना दी 13 वर्षों पहले विवाहिता की शादी हुई थी लेकिन पति का दूसरे महिला से संबंध था जिससे वह अपनी पत्नी को प्रताड़ित करता था करारी थाना पर मु0अ0सं0 56/26 धारा 85/108/115(2)/352 बीएनएस पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में दिनांक 12.03.2026 को थाना करारी पुलिस ने मृतक विवाहिता के पति जगजीत पुत्र देशराज निवासी ग्राम लहना थाना करारी को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

# कम्पोजिट विद्यालय परसरा को बेखौफ चोरों ने बनाया निशाना

अखंड भारत संदेश

**इससे पहले भी दर्जनों बार हो चुकी है चोरी एक भी चोरी को दर्ज कर पुलिस ने नहीं किया खुलासा**



**चाय की चुस्की लेती रही डायल 112 पुलिस पंद्रह बोरी गेहूं चावल ढोते रहे चोर**

**भरवारी कौशांबी** कोखराज थाना अंतर्गत कस्बा भरवारी की पुलिस चौकी अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय परसरा में बीती रात्रि में चोरों ने बेखौफ तरीके से स्कूल के कमरा का ताला तोड़कर उसमें रखा लगभग पंद्रह बोरी गेहूं चावल उठा ले गए 'पंद्रह बोरी गेहूं चावल धोने में लगभग आधा घंटा से कम का समय नहीं लगा होगा 'इस बीच डायल 112 पुलिस चौराहे पार चाय की चुस्की लेने में लगी रही उधर विद्यालय का ताला तोड़कर चोरों ने घटना को अंजाम दे दिया ऐसा नहीं है कि यह चोरी कोई नई बात है इससे पहले भी इलाके में दर्जनों बार विद्यालय में चोरी हो चुकी है जिसकी सूचना चौकी पुलिस भरवारी से लेकर थाना कोखराज तक दी गई हैं परंतु प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने जाने पर पुलिस उल्टा मुकदमा दर्ज करना तो दूर बल्कि विद्यालय के प्रधानाचार्य रविन्द्र मिश्रा को ही चोर बताते हुए बिना रिपोर्ट लिखे वापस कर दिया करते थे। जिसकी वजह से चोरों के हौसले बुलंद होते रहे और चोर विद्यालय में लगा दर्जनों पंखा गैस सिलेंडर भगोना सैंड सिस्टम एवं इनवर्टर बैटरी सहित अन्य सामान बेखौफ तरीके से चोर कम्पोजिट विद्यालय को अपना निशाना बना कर चोरी करते रहे 'इसी तरह कस्बा भरवारी में बी एस मेहता डिग्री कॉलेज के सामने शिक्षक कमला देवी के बच्चे का एक सड़क हादसे में पैर टूट गया था जिसका इलाज कराने के लिए प्रयागराज में भती कराकर उपचार करा रही थी तभी उसके बंद पड़े घर को चोरों ने ताला तोड़कर बक्शा में रखा लाखों रुपए का जेवर एवं नगद लगभग सात लाख रुपए का समान पर हाथ साफ किया। इसी कड़ी में एक शिक्षक दंपति अंजली वर्मा पत्नी धनंजय वर्मा शिशु मंदिर कॉलोनी के गुलाब बिहार कॉलोनी निवासी दीपावली पर दीपावली मनाने अपने गांव गए हुए थे घर में सुरक्षा की दृष्टि से सभी जगह ताला लगाकर गए थे सुबह मोहल्ले वालों ने बताया कि आपके घर में चोरी हो गई हैं जिसमें गहना नगद रुपए समान सहित लगभग बीस लाख रुपए पर चोरों ने हाथ साफ किया 'इसी तरह चंदीपुर निवासी राम सिंह जो बहुत ही गरीब व्यक्ति है रोज ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार का जीवन यापन करता था दिन भर ईरिक्शा चलाकर रात्रि में अपने घर के बाहर खड़ी करके सो गया था सुबह देखा तो ईरिक्शा गायब था खोजबीन करने के बाद काफी दूर ईरिक्शा तो मिल गया परंतु उसकी चारों बैटरी निकलकर चोर ले गए अब सवाल उठता है कि इतनी बड़ी बड़ी चोरी हो जाती है पुलिस आती है फोटो खींचती है लिखापढ़ी करती हैं उसके बाद कुछ नहीं 'किसी भी चोरी की घटना का न खुलासा होना कही न कही पुलिस और चोरों मे मधुर संबंध को दर्शाता है जिससे कस्बाईयो में दहशत का माहौल है और अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे है 'लोगो ने पुलिस अधीक्षक कौशांबी का ध्यान आकर्षित कर अभी तक चोरी हुई किसी भी घटना का खुलासा न कर पाने वाली पुलिस पर प्रश्न चिन्ह लगाया है।

### प्राथमिक विद्यालय की जमीन पर बन रहे कक्ष का निर्माण गिराया, मजदूरों को दी धमकी



**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रथम में बन रहे एक कक्षीय भवन व बाउंड्रीवाल के निर्माण कार्य को गांव के कुछ दबंगों द्वारा गिराने और मजदूरों को धमकाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलने पर प्रधानाध्यापक ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं निर्माण को गिराने का एक वीडियो भी किसी ने बनाकर सोशल मीडिया में प्रसारित कर दिया है। बताया जाता है कि प्राथमिक विद्यालय शहजादपुर प्रथम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर एक कक्ष भवन व बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जाना है।इसके लिए 11 मार्च को लेखपाल व तहसीलदार की उपस्थिति में नापजोख कर विद्यालय को भूमि उपलब्ध कराई गई थी। भूमि उपलब्ध होने के बाद प्रधानाध्यापक शीतला प्रसाद द्वारा 12 मार्च से निर्माण कार्य शुरू कराया गया था।आरोप है कि 13 मार्च की शाम करीब पांच बजे गांव के ही कुछ दबंग व अराजक तत्व मौके पर पहुंचे और हो रहे निर्माण कार्य को गिरा दिया। इतना ही नहीं वहां काम कर रहे मजदूरों को भी धमकाते हुए कहा कि यहां दोबारा काम किया तो हाथ-पैर तोड़ दिए जाएंगे।मजदूरों ने घटना की जानकारी 14 मार्च की सुबह विद्यालय पहुंचे प्रधानाध्यापक को दी।इसके बाद प्रधानाध्यापक ने तत्काल कोखराज थाना पहुंचकर थाना अध्यक्ष को प्राथर्ना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। साथ ही पूरे मामले की जानकारी विभागीय अधिकारियों को भी दे दी गई है।इधर गांव में चर्चा है कि निर्माण कार्य रुकवाने वाले दबंग किसी माननीय जनप्रतिनिधि के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# महामाया राजकीय महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुरू किया आयोजन

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय ओसा में 14 मार्च को राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि एवं संरक्षक प्राचार्य महामाया राजकीय महाविद्यालय द्वारा प्राथमिक विद्यालय पारा मंझनपुर में किया गया उद्घाटन समारोह का शुभारंभ डॉ शैलेंद्र तिवारी मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया इसके उपरांत दीपांजलि और आँचल के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। वाचिक स्वागत डॉ अजय कुमार ने किया। इसी कड़ी में डा रमेश चंद्र द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया । इसके उपरांत शिविरार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठे-उठे प्रस्तुत किया गया । इसी कड़ी में स्वागत गीत संजना सोनी एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत किया गया अवधेश कुमार मिश्रा ,प्रधानाध्यापक,प्राथमिक विद्यालय पारा ने इस अवसर पर कहा कि शिविरार्थियों द्वारा किए गए अपने कार्यों का स्वयं में मूल्यांकन करना चाहिए,जिससे कि उनके कार्य करने में और अधिक निपुणता हासिल हो सके। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ0 अनिल कुमार सोनकर द्वारा बौद्धिक एवं शारीरिक श्रम हेतु शिविरार्थियों का आवाहन किया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों को समझाया एवं इससे प्रेरित होने के लिए शिविरार्थियों को जागरूक किया कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 पवन कुमार द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा मुख्य अतिथि के सम्मुख प्रस्तुत की। राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्र की युवा शक्ति के व्यक्तित्व विकास हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक सक्रिय कार्यक्रम है। इसके गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी,समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के कार्य करते है। डॉ0 अजय कुमार ने इस अवसर पर कहा कि शिविरार्थियों को अपने दायित्वों एवं उद्देश्य के प्रति सचेत रहना चाहिए एनएसएस का एकमात्र उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करना है।डॉ तरित अग्रवाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लाभ राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र/छात्राओं को सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों के प्रति प्रेरित कर समाज सेवा का अवसर प्रदान करती है और उनके व्यक्तित्व को निखारने एवं भविष्य में उन्हें कर्त्तव्यनिष्ठ, संवेदनशील तथा उपयोगी नागरिक के रूप में संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है कार्यक्रम का संचालन डॉ0 आनंद कुमार द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय से डॉ अनिल कुमार सोनकर,डॉ अजय कुमार,डॉ0 रीता दयाल डॉ भावना केसरवानी,डॉ पवन कुमार,डॉ आनन्द कुमार डॉ रमेश चंद्र डॉ शैलेश मालवीय अजय कुमार मानवेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## मिलावट खोरी रोकने से चीफ फूड अफसर ने खड़े किए हाथ

**पूरे जिले में मिलावट खोरी का धंधा चरम पर विभागीय लोग कर रहे हैं बड़ी वसूली**

**कौशांबी।** जिले में दूध डेयरी में दूध दही पनीर क्रीम खोवा में मिलावट खोरी के साथ-साथ मिठाई की दुकानों में भी खुलेआम मिलावट खोरी हो रही है जिले में दो दर्जन बड़ी दूध डेयरी संचालित हो रही है जहां 15 हजार लीटर से लेकर 20 हजार लीटर तक प्रतिदिन प्रत्येक दूध डेयरी में दूध एकत्रित कर उसमें मिलावट किया जाता है इसी तरह जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 85 से अधिक छोटे दूध कलेक्शन सेंटर संचालित हो रहे है छोटे दूध कलेक्शन सेंटर में 5000 लीटर लगभग प्रतिदिन प्रत्येक केंद्र में दूध एकत्रित किया जाता है यहां भी जमकर मिलावट होती है इसके अलावा जिले में राजस्थानी लोगों द्वारा दूध का बड़ा कारोबार एक दर्जन स्थान पर संचालित किया जा रहा है जहां दही खोवा पनीर और बफी छेना सहित विभिन्न प्रकार की मिठाइयां पाउडर और केमिकल से बनाकर पूरे जिले में सप्लाई की जाती है राजस्थान के लोगों द्वारा दूध के काले कारोबार का धंधा इस कदर बढ़ा है कि लाखों रुपए से अधिक कीमत का मिलावटी धंधा प्रतिदिन प्रत्येक स्थान पर संचालित हो रहा है। गरीब कमजोर वर्ग के लोगों के साथ साथ मिलावट खोरी का शिकार अफसर नेता माननीय जनप्रतिनिधि और अमीर लोगों का परिवार भी होने लगा हैं तमाम मिठाई की बड़ी दुकानों में काजू बादाम पिस्ता की महंगी मिठाई बनाने के नाम पर उसमें मूंगफली का दाना पीसकर मिला दिया जाता है मूंगफली मिलाने के बाद काजू पिस्ता बादाम के नाम पर खुलेआम मिठाई बेची जा रही है जिले में खुलेआम सब कुछ हो रहा है मिलावट के धंधे में लगे लोगों से करोड़ों रुपए विभाग के लोग वसूल रहे हैं इस संबंध में जब चीफ फूड अफसर शिव प्रताप तिवारी से बात की गई तो उनका कहना है कि जैसे मनुष्य के हाथ में नाखून बढ़ता है उसे रोका नहीं जा सकता है उसी तरह से मिलावट खोरी का धंधा बढ़ता है उसको रोका नहीं जा सकता है मिलावट खोरी के बढ़ने से लोगों में शुगर ब्लड प्रेशर हार्ट अटैक ब्रेन हेमरेज लकवा बेचैनी लिवर डैमेज किडनी खराब होने समेत विभिन्न प्रकार की गंभीर लाइलाज बीमारियां बढ़ी है दूध में सोडा पाउडर निरमा सर्फ पाउडर रिफाइंड सहित विभिन्न प्रकार के कैमिकल मिलाए जाते हैं।

### पीएम मोदी की आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने के आरोप में दिल्ली पुलिस ने कौशाम्बी के युवक को किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी** फेसबुक पर पीएम मोदी से जुड़ा कथित एआई जनरेटेड आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने विनोद तिवारी महेवाघाट थाना क्षेत्र के डक शरीरा गांव को गिरफ्तार किया है और लंबे समय से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रह रहा था।कुछ दिन पूर्व वह अपने पिता के पिंडदान कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कौशाम्बी आया था।फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट मामले में युवक उत्तर प्रदेश पहुंचा तो दिल्ली की सक्रिय हुई दिल्ली पुलिसं की स्पेशल सेल की टीम ने देर रात उसे कौशाम्बी स्थित उसके घर से पकड़ लिया।विनोद तिवारी पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो शेयर कर पीएम की छवि धूमिल करने का आरोप है।जांच में वीडियो को इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के रूप में सुरक्षित किया गया है और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।बताया जा रहा है कि 3 फरवरी को कौशाम्बी के विनोद तिवारी ने एआई जनरेटेड आपत्तिजनक वीडियो फेसबुक पर अपलोड की थी। युवक को दिल्ली पुलिस गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।

### नाबालिग बालिका से दुष्कर्म का अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में 13 मार्च को 13 वषीय नाबालिग बालिका के साथ आरोपी मोनू यादव द्वारा जबरन दुष्कर्म काम किया गया पश्चिम शरीरा थाना में सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में दिनांक 13.03.2026 को थाना पश्चिम शरीरा पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मोनू यादव उर्फ सुनील कुमार पुत्र नंगुल उर्फ नागेन्द्र कुमार निवासी चांदेराई थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया हैं।

# सम्पादकीय

## नेपाल में वाद का बोझ घटा है

**अरविन्द मोहन**

**ऐसे** बड़े और साफ जनादेश के बाद बालेंदु शाह के लिए तात्कालिक राजनैतिक चुनौतियां तो कम होंगी लेकिन उनको वापस लौटने में देर नहीं लगती। जिस तरह लोगों ने पुरानी राजनीति को ठुकराया है वैसा ही बदलाव एक अन्य मामले में दिखता है। के पी ओली और उनकी पार्टी की हार उनकी मौकापरस्त राजनीति के साथ नेपाल की राजनीति में चीनी दखल की कूटनीति को नकारना भी है।

नेपाल चुनाव और उसके नतीजों की व्याख्या कई तरह से की जा रही है। यह स्वाभाविक है। लेकिन चुनाव की प्रक्रिया के दौरान वहां जो कुछ दिखा उसकी चर्चा कम हुई। चुनाव घोषणा होते ही हर बड़े दल में उठापटक हुई और कई टूट-फूट तथा विलय भी देखने में आये। कई दलों ने अपने 'अराध्य' का नाम लेना पाप समझा तो नेपाली कांग्रेस ने नेपाल के जेन जी आंदोलन और मुख्य ताकत बनाकर उभर रही राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को देखते हुए नया नेता चुना। तब भी पार्टी चारों खाने चित्त हुई। हर दल नौजवानों को आगे करने का प्रयास जरूर किया लेकिन स्थापित पुराना नेतृत्व नतीजों के पहले मैदान छोड़ने को तैयार न था। 'न था' कहना शायद गलती है इसे 'नहीं है' कहना चाहिए। जिस समानुपातिक प्रणाली से नेपाल संसद का एक बड़ा हिस्सा भरने की विलक्षण व्यवस्था की गई है उसके लिए पार्टियों के नामांकन की सूची चुनाव उम्मीदवार चुनने से पहले बनी। और उसे बनाने के क्रम में ही असली झगड़े हुए और आप पाएंगे कि इतने साफ जनादेश के बावजूद जब इस व्यवस्था वाले

# युद्धोन्माद और मीडिया



**सर्वमित्रा सुरजन**

**हैरत** की बात यह है कि खामेनेई के बाद अब नए सुप्रीम लीडर मुज्तबा खामेनेई को भी मारने की धमकी ट्रंप और नेतन्याहू ने दी है और इसे सामान्य तरीके से लिया जा रहा है। दरअसल युद्ध के उन्माद में सही-गलत, नैतिक-अनैतिक सारे दायरे ध्वस्त कर दिए गए हैं और शक्तिशाली ही सही है, यह जंगल न्याय मीडिया के जरिए बढ़ाया जा रहा है। याद कीजिए कि 1990-91 के पहले खाड़ी युद्ध में एक मोर्चा मीडिया ने भी खड़ा किया था।

ईरान के अखबार तेहरान टाइम्स ने अपने पहले पन्ने पर एक मार्मिक और भीतर तक झकझोरने वाली तस्वीर छापी है, जिसमें दक्षिणी ईरान के मिनाब शहर के एक स्कूल में मिसाइल हमले में मारी गई मासूम बच्चियों की तस्वीरें हैं। अकाल मौत की शिकार इन बच्चियों की तस्वीरों के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए एक संदेश है कि, 'ट्रम्प, उनकी आंखों में आंखें डालकर देखिए। इसके बाद नीचे लिखा है सैकड़ों ईरानी बच्चों की मौत के बावजूद, अमेरिकी राष्ट्रपति अभी भी मीनाब के प्राथमिक विद्यालय पर बमबारी से इनकार कर रहे हैं।' अखबार ने इस पहले पन्ने को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है, जिस पर दुनिया भर से भावुक प्रतिक्रियाएं आई हैं। एक यूजर ने लिखा, 'कितनी संभावनाएं मिट गईं, कितने भविष्य शुरू होने से पहले ही खत्म हो गए, कितने फूल खिलने से पहले ही कुचल दिए गए।' एक अन्य टिप्पणी में संघर्ष में शामिल कई लोगों को दोषी ठहराते हुए कहा गया, 'सिर्फ ट्रंप ही नहीं, बल्कि गोली चलाने वाले, मिसाइल बनाने वाले, खुफिया जानकारी मुहैया कराने वाले और अंततः सभी ट्रंप समर्थक भी दोषी हैं।' वहीं खुद को अमेरिकी नागरिक बताने वाले एक यूजर ने संघर्ष समाप्त करने की अपील करते हुए लिखा, 'यह जानकर दुख हुआ कि अमेरिका अभी भी मीनाब के प्राथमिक विद्यालय पर हुए बम हमले से इनकार कर रहा है। ट्रंप का इसे स्वीकार करने से इनकार करना जवाबदेही और पश्चाताप की चिंताजनक कमी को दर्शार्ता है। एक अमेरिकी नागरिक के रूप में, मेरा मानना है कि अब युद्धविराम की मांग करने, इस युद्ध को समाप्त करने और शांति की ओर बढ़ने का समय आ गया है।'

गौरतलब है कि 28 फरवरी को ईरान पर हमले के दौरान ही प्राथमिक स्कूल पर भी मिसाइल गिरी। जिनमें डेढ़ सौ से ज्यादा बच्चियां, जिनकी उम्र 7 से 12 बरस रही होगी उनकी मौत हो गई। साथ ही स्कूल के कुछ शिक्षकों और कर्मियों की भी मौत हुई है। इन बच्चियों को दफ़्न करने की तस्वीरें भी ईरान से बाहर आई थीं, जिनमें बड़ी संख्या में शोकाकुल लोग जमा हुए थे। ईरान से पहले गजा से भी ऐसे कई दारुण दृश्य सामने आ चुके हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि शक्तिशाली लोगों के पास संवेदनाएं नाममात्र को भी नहीं बची हैं। तभी तो वे निहत्थे, मासूम लोगों को क्रूरता से मारने के बावजूद जरा नहीं पछता रहे हैं।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तो बड़ी बेशर्मी से इस हमले के लिए ईरान को ही जिम्मेदार ठहरा दिया कि उसी ने टॉमहॉक मिसाइल स्कूल पर गिराई है। यह जवाब एक अमेरिकी पत्रकार के सवाल पर ट्रंप ने दिया था। हालांकि अमेरिकी सैन्य जांचकताओं का मानना है कि लड़कियों के स्कूल पर हमले के लिए अमेरिकी सेना जिम्मेदार हो सकती है। कैलिफोर्निया के गर्वनर गैविन न्यूजॉम ने भी इस हमले के लिए ट्रंप को दोषी ठहराया है। लेकिन अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि अमेरिका 'जानबूझकर किसी स्कूल को निशाना नहीं बनाएगा।' मान लें कि जानबूझकर निशाना नहीं बनाया, लेकिन अनजाने में भी ऐसा हुआ है तो क्या उसकी जिम्मेदारी ट्रंप को नहीं लेनी चाहिए या सैकड़ों बच्चियों के खून से रंगे हाथ लेकर वो अब भी नोबेल शांति पुरस्कार पहनना चाहते हैं। वैसे जिस टॉमहॉक मिसाइल का नाम ट्रंप ने लिया कि ईरान ने उसका इस्तेमाल किया है, वो सरासर झूठ है। टॉमहॉक मिसाइलों का निर्माण फीनिक्स, एरिजोना की आरटीएक्स कंपनी द्वारा किया जाता है। और अमेरिका इन्हें केवल चार देशों को बेचता हैः ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, जापान और नीदरलैंड। इस समय इनमें से कोई भी देश अमेरिका के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ नहीं खड़ा है। तो जाहिर है कि हमला अमेरिका की तरफ से ही हुआ है।

इस हमले पर न्यूयॉर्क टाइम्स, रॉयटर्स, सीबीएस और वॉशिंगटन पोस्ट जैसे मीडिया संस्थान अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। इससे एक बात फिर साबित होती है कि अगर मीडिया ईमानदारी से काम करे तो फिर सच और झूठ की पड़ताल आसान हो जाती है।

# गेमचेंजर होगी नेपाल में आरएसपी की शानदार जीत

**नित्य चक्रवर्ती राजनीति**



**आरएसपी** नेपाल की सबसे नई राजनीतिक पार्टियों में से एक है जो 2026 के चुनाव में मैदान में उतरी। आरएसपी की स्थापना 2022 में चुनाव से पहले हुई थी। पार्टी ने 131 चुनाव क्षेत्रों में चुनाव लड़ा और 10.7 प्रतिशत वोट हासिल किए, जिसमें सीधे चुनाव में 7 सीटें और समानुपातिक प्रतिनिधित्व के तहत 13 सीटें जीतीं। पार्टी के प्रमुख बाबा लामचाने हैं,

नेपाल में 5 मार्च को हुए आम चुनावों में जेनजेड समर्थित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) की शानदार जीत न सिर्फ इस छोटे से हिमालयी देश के राजनीतिक इतिहास में बल्कि दक्षिण एशिया की बदलती राजनीति में भी एक गेमचेंजर है। नेपाल अब दक्षिण एशिया का दूसरा देश है जो सितंबर 2025 के दूसरे हफ्ते में बगावत के जरिए एक पारंपरिक राजनीतिक पार्टी की सरकार को हटाने वाले युवा आंदोलन के समर्थन वाली सरकार की स्थापना देख रहा है। सिर्फ दक्षिण एशिया के एक और देश, श्रीलंका में, सितंबर 2024 में कमोबेश ऐसा ही नजारा देखने को मिला था, जब नेशनल पीपल्स पावर (एनपीपी) के नेता ने श्रीलंका की पारंपरिक राजनीतिक पार्टियों को हराकर राष्ट्रपति चुनाव जीता था, जिन्होंने दशकों तक इस द्वीप देश पर राज किया था। 2023 के श्रीलंका चुनाव, महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ 2022 में छात्रों और लोगों के विद्रोह में सत्ताधारी सरकार के हटने के बाद हुए थे।

दक्षिण एशिया के एक और देश, बांग्लादेश में, छात्रों के विद्रोह की वजह से अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार चली गई, लेकिन इस साल 12 फरवरी को हुए राष्ट्रीय चुनावों में युवाओं के नेतृत्व वाली कोई सरकार नहीं बनी। इसके विपरीत हसीना सरकार को हटाने के लिए विद्रोह के समर्थकों द्वारा बनाई गई पार्टी को बड़ी हार का सामना करना पड़ा और पारंपरिक पार्टी बीएनपी को दो-तिहाई मतों से जीत मिली। इसलिए बांग्लादेश परिवर्तन के बस से चूक गया जबकि श्रीलंका और नेपाल सफल रहे। नेपाल चुनावों के अंतिम नतीजे अभी नहीं आए हैं, लेकिन रुझानों से पता चलता है कि आरएसपी कुल 165 सीटों में से 100 सीटें पार करने वाली है, जिन पर सीधे चुनाव हुए थे। दूसरी पार्टियां गगन थापा के नेतृत्व वाली नेपाल कांग्रेस, पूर्व प्रधानमंत्री केपीएस ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन(यूएमएल)और प्रचंड के नेतृत्व वाली नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) दो अंकों को छूने के लिए संघर्ष कर रही हैं। संकेत हैं कि आरएसपी, किसी दूसरी पार्टी पर निर्भर हुए बिना, अपने दम पर नई सरकार बना पाएगी। पिछले दो दशकों के संसदीय लोकतंत्र में अब तक नेपाल में किसी भी राजनीतिक पार्टी के पास अकेले बहुमत नहीं रहने का रूझान यह रहा है। सरकार चलाने के लिए चुनाव के बाद गठबंधन बनाया गया था।

सहयोगी कई बार बदले, जिससे मंत्रिमंडल गिर गया और फिर सत्ता में बने रहने के लिए एक नया गठबंधन बना। यह रूझान 2026 के चुनाव से बंद हो रहा है। आरएसपी नेपाल की सबसे नई राजनीतिक पार्टियों में से एक है जो 2026 के चुनाव में मैदान में उतरी। आरएसपी की स्थापना 2022 में चुनाव से पहले हुई थी। पार्टी ने 131 चुनाव क्षेत्रों में चुनाव लड़ा और 10.7 प्रतिशत वोट हासिल किए, जिसमें सीधे चुनाव में 7 सीटें और समानुपातिक प्रतिनिधित्व के तहत 13 सीटें जीतीं। पार्टी के प्रमुख बाबा लामचाने हैं, जो एक मीडिया मालिक हैं।

## पीपरगांव में मृत चौकीदार के परिजनों से मिले लोजपा (रामविलास) के सांसद, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**अखंड भारत संदेश**



**भदोही। ज्ञानपुर** थाना क्षेत्र के पीपरगांव में कथित रूप से जिंदा जलाए गए चौकीदार के परिजनों से शनिवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सांसद अरुण भारती ने मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाते हुए प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के निर्देश पर उत्तर प्रदेश प्रभारी अरुण भारती के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार सुबह करीब 11 बजे पीपरगांव पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने अनुसूचित जाति (पासी) समुदाय से जुड़े पीड़ित परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

बताया गया कि नौ मार्च की सुबह करीब सात बजे पीपरगांव निवासी जैसलाल सरोज (55) ग्राम प्रधान रामनायक यादव के घर हैंडपंप ठीक कराने की बात कहने गए थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद के दौरान प्रधान के पुत्र कमलेश यादव ने उन पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जिससे उनकी मौत हो गई।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 56 हजार से अधिक मामलों का निस्तारण, आठ लाख से अधिक अर्थदंड वसूला

**अखंड भारत संदेश**



**भदोही। राष्ट्रीय** विधिक सेवा प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर सरपतहां, ज्ञानपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश दूबे ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर जिला जज ने कहा कि लोक अदालत विवादों के निस्तारण का सस्ता, सरल और प्रभावी माध्यम है। इसके जरिए मामलों का त्वरित निस्तारण होता है और इसमें न किसी की हार होती है न जीत, बल्कि आपसी सहमति से विवाद समाप्त हो जाता है। उन्होंने न्यायालय परिसर का भ्रमण कर वादकारियों की समस्याएं भी सुनीं और न्यायिक अधिकारियों व बैंक अधिकारियों को अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए।

लोक अदालत में कुल 68,853 मामलों को निस्तारण के लिए रखा गया था, जिनमें से 56,696 मामलों का समाधान किया गया।

## भदोही के सभी थानों पर लगा थाना समाधान दिवस, 62 शिकायतों में सात का मौके पर निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। जिले** के सभी थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण का प्रयास किया। शासन के निर्देश पर आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी शैलेश कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में अधिकारियों ने लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। प्रत्येक थाने पर पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने मौजूद रहकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया।



जनसुनवाई के दौरान पुलिस से संबंधित प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि राजस्व से जुड़े मामलों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निपटाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

## एलपीजी गैस व पेट्रोल की उपलब्धता पर प्रशासन सतर्क, एसडीएम ने ली एजेंसियों और पंप संचालकों की बैठक

**अखंड भारत संदेश**



**गाजीपुर। जनपद** के मुहम्मदाबाद नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी गैस सिलेंडर तथा पेट्रोल की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को तहसील सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी डॉ. हर्षिता तिवारी ने की, जिसमें क्षेत्र के सभी गैस एजेंसी संचालक और पेट्रोल पंप मालिक शामिल हुए।

बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी ने सभी एजेंसी संचालकों और पेट्रोल पंप संचालकों से वर्तमान स्टॉक, आपूर्ति व्यवस्था तथा उपभोक्ताओं को मिल रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि आम लोगों को गैस और पेट्रोल की उपलब्धता में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए।

डॉ. हर्षिता तिवारी ने गैस एजेंसियों को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना उनकी जिम्मेदारी है। यदि कालाबाजारी, जमाखोरी या किसी भी प्रकार की अनियमितता की शिकायत मिलती है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कड़ी सुरक्षा के बीच दो पालियों में हुई उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर ।** उ0प्र0 पुलिस भर्ती व पदोन्नति बोर्ड, लखनऊ के द्वारा आयोजित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों की परीक्षा को निष्पक्ष, नकल विहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अविनाश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डा0 ईरज राजा ने सामुहिक रूप से आदर्श इण्टर कालेज मुहआबाग, राजकीय बालिका इण्टर कालेज महुआबाग एवं राजकीय पालिटेक्निक कालेज गाजीपुर का स्थलीय निरीक्षण किया।






निरीक्षण के दौरान लगाये गये सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग हेतु कंट्रोल रूम को देखते हुए परीक्षा कक्ष में पहुचकर परिक्षार्थियों का प्रवेश पत्र एवं आधार चेक किया गया। उन्होने परीक्षा के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं केन्द्र व्यवस्थापक के साथ लगाये गये सेक्टर एवं जोनल तथा स्टेट्रिक मजिस्टेज्ट को कड़े निर्देश दिया कि किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। कड़ाई से अपने कार्यो एवं दायित्वो का शत प्रतिशत निर्वहन किया जाय। किसी भी केन्द्र पर लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध उचित कार्यवाही की जायेगी। जनपद में कुल-11 परीक्षा केन्द्रों पर प्रथम दिन दो पालीयों में परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुयी। जिसमें प्रथम पाली में 4080 अभ्यर्थी में 1119 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें एवं द्वितीय पाली में 4080 में 1091 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें।

## ससुराल में मिला तीन दिन से लापता ई-रिक्शा चालक

**अखंड भारत संदेश**



**सुल्तानपुर। देहात** कोतवाली क्षेत्र के मलिकपुर अहिरौली ब्लॉक भदैया गांव निवासी वसीम अहमद के लापता होने के मामले में नया मोड़ आ गया है। सोशल मीडिया पर खबर वायरल होने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और युवक को कुछ ही घंटों में उसकी ससुराल से सकुशल बरामद कर लिया गया।

बताया जा रहा है कि वसीम गुरुवार को शहर में ई-रिक्शा खड़ा करने के बाद रामगंज चला गया था। इसके बाद शनिवार सुबह वह अपनी ससुराल पांचोपीरन पहुंच गया। उधर, घर वाले लगातार उसकी तलाश में परेशान थे और किसी अनहोनी की आशंका जता रहे थे। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने खोजबीन शुरू की। हल्का के दीवान शैलेंद्र यादव और सिपाही योगेश मिश्रा के संयुक्त प्रयास से युवक को ससुराल से खोज निकाला गया।पुलिस ने वसीम को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया, जिसके बाद परिवार ने राहत की सांस ली।

# गैस एजेंसी से 44 सिलेंडर जब्तः ब्लैक मार्केटिंग के आरोप में एजेंसी मालिक समेत 2 पर केस दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर** के गोसैसिंहपुर में आकांक्षा गैस एजेंसी के प्रोपराइटर के घर पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी के आरोप में की गई छापेमारी में 44 सिलेंडर जब्त किए गए। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।



यह कार्रवाई डीएम कुमार हर्ष के निर्देश पर सप्लाई विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने की। एसडीएम कादीपुर उत्तम तिवारी और सीओ कादीपुर विनय गौतम के नेतृत्व में टीम ने दोस्तपुर स्थित प्रोपराइटर के घर पर छापा मारा। यहां से 6 भरे हुए बड़े गैस सिलेंडर, 2 भरे हुए छोटे सिलेंडर और 36 खाली सिलेंडर बरामद हुए। कुल 44 सिलेंडरों को जब्त किया गया।

प्रारंभिक जांच में इन सिलेंडरों की अवैध कालाबाजारी का खुलासा हुआ है। पुलिस ने मौके से मनीष कुमार को हिरासत में लिया। सप्लाई इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह की तहरीर पर मनीष कुमार और राजन गौतम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है बरामद सभी सिलेंडरों को इंडेन गैस एजेंसी दोस्तपुर में सुरक्षित रखा गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। इस कार्रवाई में सप्लाई इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह, थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह, कस्बा इंचार्ज अनूप सिंह और कांस्टेबल आनंद सिंह की टीम शामिल थी।

अधिकारी ने बताया कि जिले में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## हत्या कर शव नहर में फेंका, इलाके में सनसनी

**अखंड भारत संदेश**



**सुल्तानपुर। शिवगढ़** थाना क्षेत्र के अवसानपुर गांव के पास एक युवक की हत्या कर उसका शव नहर में फेंक दिए जाने का मामला सामने आया है। शनिवार की सुबह शव मिलने की सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और नहर से शव को बाहर निकलवाया। मृतक के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान समर बहादुर पुत्र स्वर्गीय लालता प्रसाद मुसहर के रूप में हुई है। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी ऋतिक कपूर ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। चंद्रभान वर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है और मामले की जांच की जा रही है।

अखंड भारत संदेश
प्रयागराज, रविवार
15. 3. 2026


# 29 एमएलडी प्लांट का डीएम ने किया निरीक्षण 78 गांवों की प्यास बुझाने की बड़ी तैयारी

- हर घर जल मिशन को मिली रफ्तार
- हजारों घरों तक पहुंचेगा शुद्ध पानी

**अखंड भारत संदेश**


आरओ प्लांट के निरीक्षण में मौजूद डीएम व अन्य

**चित्रकूट।** जनपद में बहुप्रतीक्षित रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना को लेकर शनिवार को प्रशासनिक सक्रियता देखने को मिली, जब जिलाधिकारी ने विकासखंड मानिकपुर के ग्राम अगरहुण्डा स्थित 29 एमएलडी क्षमता के निमार्णाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) तथा जल निगम के वरिष्ठ अभियंताओं और कार्यदायी संस्था के अधिकारियों की मौजूदगी में योजना की प्रगति और तकनीकी व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि गुंता डैम को जल स्रोत मानकर तैयार की जा रही यह सरफेस सोर्स पेयजल योजना 78 गांवों के 28,925 घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। इसके लिए 28 ओवरहेड टैंक, 11 सीडब्ल्यूआर और करीब 882 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन के जरिए व्यापक जलापूर्ति नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। वर्तमान में 68 में से 61 गांवों में पानी की आपूर्ति शुरू हो चुकी है, जबकि 47 गांव हर घर जल प्रमाणन भी प्राप्त कर चुके हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एरिएटर, फ्लैश मिक्सर, क्लैरिफ्लोक्यूलेटर, फिल्टर बेड, प्रयोगशाला और स्काडा प्रणाली का निरीक्षण करते हुए शेष कार्य 30 अप्रैल तक पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही बचे हुए गांवों में पाइपलाइन, गृह संयोजन और रोड रेस्टोरेशन कार्य जल्द पूरा कर शुद्ध जल आपूर्ति शुरू करने को कहा। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने परिसर में पौधारोपण कर जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन का संदेश भी दिया।

## जल महोत्सव से गूंजा उन्नयबन्ना, हर घर नल से बहने लगा सुरक्षित भविष्य का सपना

**चित्रकूट।** जनपद के विकासखंड पहाड़ी अंतर्गत चाँदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत ग्राम पंचायत उन्नयबन्ना में शनिवार को जल महोत्सव एवं जल अर्पण कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण, सुरक्षित पेयजल और जल स्रोतों की स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर जल वंदना, जल पदयात्रा, स्वच्छता अभियान और मेरा गांव-जल सुरक्षित भविष्य विषय पर विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जुगुल किशोर शुक्ला ने बताया कि 260 घरों को नल कनेक्शन से शुद्ध पेयजल मिल रहा है। पाइपलाइन कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त 1724 मीटर मार्ग की मरम्मत भी कराई गई। कार्यक्रम में सहायक अभियंता बिस्मिल्लाह, जेई अभिजीत यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पीएमश्री विद्यालयों के बच्चों ने रचा प्रतिभा का उत्सव, 400 बच्चों ने दिखाया हुनर


पुरस्कार पाकर चहकते पीएमश्री विद्यालय के छात्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित पीएमश्री कंपोजिट विद्यालयों की जनपद स्तरीय खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं पटेल उत्सव भवन परिसर में उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हो गईं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा और एबीएसए अतुल दत्त तिवारी के निर्देशन में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के सातों पीएमश्री विद्यालयों के करीब 400 बच्चों ने खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का दमदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) शशांक शेखर शुक्ला और विशिष्ट अतिथि सभासद शंकर प्रसाद यादव ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि खेलकूद बच्चों के शारीरिक, मानसिक और अनुशासनात्मक विकास का सशक्त माध्यम है। प्रतियोगिता में पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय कछार पुरवा ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि कसहाई दूसरे और बरुआ तीसरे स्थान पर रहा। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षकों और सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्हें प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# सोमनाथ शिव मंदिर में बदलेगा पर्यटन का चेहरा 192 लाख की परियोजना ने पकड़ी रफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जनपद के चर ग्राम स्थित प्राचीन सोमनाथ शिव मंदिर परिसर में पर्यटन विभाग की लगभग 192.93 लाख लागत वाली विकास परियोजना अब आकार लेने लगी है। जिलाधिकारी ने स्थल का निरीक्षण कर चल रहे कार्यों की प्रगति परखते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। अक्टूबर 2024 से प्रारंभ इस परियोजना का उद्देश्य मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आधुनिक एवं सुव्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध कराना है। योजना के अंतर्गत मंदिर परिसर में बाउंड्रीवाल और भव्य प्रवेश द्वार, इंटरलॉकिंग मार्ग, पार्किंग स्थल, सोलर लाइट, दिशा-सूचक साइन बोर्ड, पेयजल व्यवस्था, टॉयलेट ब्लॉक, बेंच, डस्टबिन, शॉप और कैंटीन के साथ पर्यटकों के लिए विजिटर शेल्टर का निर्माण कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परिसर में साफ-सफाई की नियमित व्यवस्था, कैफेटेरिया के पास रेलिंग लगाने, शौचालय के आसपास पौधारोपण कराने और दीवारों पर सांस्कृतिक पेंटिंग कराने के निर्देश दिए। मंदिर परिसर से निकलने वाले कूड़े के नियमित निस्तारण तथा बिजली की अव्यवस्थित तारों को दुरुस्त कराने के लिए भी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए वाटर कूलर स्थापित करने की मांग पर क्रिटिकल गैप्स योजना से धनराशि स्वीकृत करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परिसर में स्थित प्राचीन मंदिरों और खंडित मूर्तियों का अवलोकन कर उनके ऐतिहासिक महत्व की जानकारी भी ली।


चर के मंदिर के निरीक्षण में डीएम

## चित्रकूट में जूनियर प्रतियोगिता का आगाज, खिलाड़ियों में उत्साह

**चित्रकूट।** खेल निदेशालय उप्र लखनऊ के तत्वावधान में क्षेत्रीय खेल कार्यालय चित्रकूट द्वारा जनपद स्तरीय जूनियर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्रीड़ाधिकारी अरविंद कुमार सोनकर ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रवेश निःशुल्क रहेगा और प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। 16, 17 और 19 मार्च को स्पोर्ट्स स्टेडियम में हॉकी, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, बॉक्सिंग और फुटबॉल सहित कई खेलों में खिलाड़ी सुबह 9 बजे से अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाएंगे।

## 29 आंगनबाड़ी केंद्रों में आउटडोर खेल सामग्री खरीद को मंजूरी

**चित्रकूट।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा उत्तर प्रदेश के निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी के आदेश पर जनपद के चयनित 29 लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए आउटडोर खेल सामग्री खरीद की अनुमति दी गई है। यह क्रयादेश मेसर्स संजीव इंटरप्राइजेज ललितपुर को जारी करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# महंगी गैस और खाली सिलेंडर पर सड़कों पर उतरी आप, कलेक्ट्रेट पर हल्ला बोल

- 60 घरेलू, 120 कमर्शियल बढ़ोतरी
- केंद्र सरकार पर साधा निशाना

**अखंड भारत संदेश**


तहसील कर्वी में सिलेंडर लेकर विरोध प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता

**चित्रकूट।** देश में बढ़ती महंगाई, एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में हालिया वृद्धि और गैस की किल्लत के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने शनिवार को चित्रकूट कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवाह्न पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कार्यकताओं ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष सन्तोषी लाल शुक्ला ने आरोप लगाया कि घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में ?60 और कमर्शियल सिलेंडर में ?120 की बढ़ोतरी गरीब और मध्यम वर्ग पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि गैस की किल्लत के कारण होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े लाखों छोटे कारोबारियों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। जिलाध्यक्ष ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की जनता एक बार फिर गैस सिलेंडर के लिए लाइनों में लगने को मजबूर हो रही है। उन्होंने कहा कि देश में उपयोग होने वाली लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी विदेशों से आयात होती है, लेकिन केंद्र सरकार ऊर्जा संकट से निपटने के लिए ठोस रणनीति बनाने में विफल रही है। आप नेताओं ने कहा कि गैस और ऊर्जा क्षेत्र में निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने वाली नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है और छोटे उद्योगों तथा व्यापार पर गहरा संकट मंडरा रहा है। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने महंगाई और गैस की कीमतों पर जल्द नियंत्रण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए तो आम आदमी पार्टी देशभर में जन आंदोलन तेज करने को बाध्य होगी।

# चित्रकूट की राष्ट्रीय लोक अदालत ने रचा इतिहास, 1,18,228 वाद निपटे, 51.66


लोक अदालत की शुरुआत में जनपद न्यायाधीश को पुष्प देते बैंक मैनेजर

**चित्रकूट।** जिला न्यायालय परिसर शनिवार को उस समय न्याय और समझौते की मिसाल बन गया, जब राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश शेषमणि शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी पद्माकरमणि त्रिपाठी, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव सहित कई न्यायिक अधिकारी, बैंक प्रबंधक, न्याय रक्षक और अधिकार मित्र उपस्थित रहे। लोक अदालत में न्यायिक अधिकारियों ने बड़ी संख्या में लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण कर न्याय व्यवस्था की प्रभावशीलता का उदाहरण पेश किया। जनपद न्यायाधीश द्वारा दो मामलों का निस्तारण करते हुए 3.80 लाख रुपये की वसूली की गई, जबकि मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने दस मामलों में 65.60 लाख रुपये का प्रतिकर दिलाया। परिवार न्यायालय में नौ मामलों का समाधान हुआ और वर्षों से अलग रह रहे आठ दंपतियों को आपसी सहमति से फिर एक साथ जीवन बिताने का अवसर मिला। विभिन्न न्यायिक पीठों द्वारा फौजदारी, उत्तराधिकार और एनआई एक्ट सहित अनेक मामलों में सैकड़ों वादों का निस्तारण किया गया। पूरे आयोजन में न्यायिक अधिकारियों द्वारा कुल 1474 वादों का निपटारा करते हुए लगभग 1.43 करोड़ रुपये की वसूली की गई, जबकि राजस्व और अन्य विभागों ने 1,16,754 मामलों का निस्तारण कर 50 करोड़ से अधिक की वसूली सुनिश्चित की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इला चौधरी के अनुसार, राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1,18,228 मामलों का समाधान हुआ और अर्थदंड, प्रतिकर तथा बैंक ऋण वसूली के रूप में 51 करोड़ 66 लाख रुपये से अधिक की राशि वसूल की गई, जो न्यायिक प्रणाली की त्वरित और सुलभ न्याय की भावना को साकार करती है।



## ढोल-नगाड़ों संग निकली कलश यात्रा, बरगढ़ में गूंजा श्रीमद्भागवत कथा का मंगल स्वर

**बरगढ/चित्रकूट।** क्षेत्र स्थित गाहुर के जिरौही प्रांगण में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। शुक्रवार को रथ, बैंड-बाजों और जयकारों के बीच निकली कलश यात्रा ने पूरे गांव को भक्तिमय माहौल से सराबोर कर दिया। यात्रा गाहुर स्थित जिरौही निवास से प्रारंभ होकर पूरे गांव में धूमधाम से निकाली गई और अंत में मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। कथा के मुख्य यजमान रामेश्वर प्रसाद शुक्ल एवं श्रीमती फूलकुमारी शुक्ला हैं। कथा 13 मार्च से 20 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी, जबकि 20 मार्च को हवन एवं भंडारे का आयोजन होगा। कथा व्यास आचार्य ओमकार मिश्र के मुखारविंद से प्रथम दिवस पर भागवत महिमा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर अवधेश शुक्ल, कल्पना शुक्ला, संजय शुक्ल, राजेश शुक्ल सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सीसीटीवी की चौकस निगाहों में पुलिस भर्ती परीक्षा, डीएम-एसपी ने कसी व्यवस्था

**चित्रकूट।** जनपद में आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने पुलिस अधीक्षक के साथ विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सुरक्षा और निगरानी तंत्र की गहन समीक्षा की गई। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय पाए गए। डीएम ने सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि परीक्षा कड़ी सुरक्षा, पारदर्शिता और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराई जाए।

# कोलमजरा में दो दिन का हुनर मेला, बेरोजगार युवाओं को मिला स्वरोजगार का रास्ता

**अखंड भारत संदेश**


प्रशिक्षण में ग्रामीणों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए

**चित्रकूट।** राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र चित्रकूट द्वारा मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के तहत विकासखंड मऊ के ग्राम कोलमजरा में 13 और 14 मार्च को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी धीरेंद्र कुमार भारती के नेतृत्व में हुआ, जिसमें ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के अवसरों से परिचित कराया गया। उद्घाटन ग्राम प्रधान शोभनाथ प्रजापति ने किया। विषय विशेषज्ञ श्री प्रभात कुमार, धीरेंद्र प्रताप सिंह तथा उद्यमी भागवत पाल ने खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी। प्रतिभागियों को पेन, फोल्डर व पुस्तकें वितरित की गईं और समापन पर प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

# खनन कारोबारी एमपी जायसवाल के ठिकानों पर जीएसटी का बड़ा छापा, आठ घंटे तक खंगाले गए दस्तावेज

- खनन कारोबार में मचा हड़कंप
- करोड़ों के क्रशर कारोबार पर सवाल

**चित्रकूट।** जिले में जीएसटी विभाग की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन ब्रांच (एसआईबी) ने शुक्रवार को जिले के चर्चित माइनिंग कारोबारी एमपी जायसवाल के ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब आठ घंटे तक छापेमारी कर खनन कारोबार से जुड़े दस्तावेजों की गहन जांच की। कर्वी कोतवाली क्षेत्र के बेड़ी पुलिया स्थित उनके आवास, भरतकूप में स्थापित क्रशर मशीन और गोड़ा पहाड़ स्थित पत्थर खदान समेत कई प्रमुख स्थानों पर एक साथ पहुंची टीम ने फर्म के वित्तीय अभिलेख, खनन से जुड़े कागजात और बिक्री के दस्तावेज खंगाले। पांच गाड़ियों में पहुंची टीम का नेतृत्व डिप्टी कमिश्नर अवध कुमार पटेल कर रहे थे, जिनके साथ वाणिज्यकर अधिकारी सुमित कुमार, असिस्टेंट कमिश्नर नदीम खान और जुबेर अहमद सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। जांच के दौरान आवास से करीब 1.60 लाख रुपये नकद भी मिले, हालांकि टीम ने इसे जब्त नहीं किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि फर्म द्वारा खनिज विभाग में जमा की जाने वाली रॉयल्टी पर देय लंबे समय से बकाया है। अधिकारियों ने अभिलेखों का मिलान कर बकाया राशि जमा कराने के निर्देश दिए हैं। बताया जाता है कि पिछले लगभग 15 वर्षों में एमपी जायसवाल ने ग्रेनाइट और क्रशर कारोबार में बड़ा साम्राज्य खड़ा कर लिया है। हाल ही में उन्होंने करोड़ों रुपये की लागत से आलीशान आवास और मैरिज हाल बनवाया है। देर रात तक चली इस कार्रवाई के बाद जिले के खनन और क्रशर कारोबार से जुड़े व्यापारिक गलियारों में हलचल मच गई है और कारोबारी वर्ग में तरह-तरह की चचाएं तेज हो गई हैं। वहीं इस संबंध में प्रमुख व्यवसायी एमपी जायसवाल ने बताया है कि टीम आई थी और कागजों की जांच करके चली गई है। किसी भी तरह का कोई चेतावनी या पैसे की जमा करने की बात से साफ इंकार किया है।

# जिले में शिक्षा का नया सूर्योदय, 24 करोड़ से बनेगा आधुनिक मुख्यमंत्री मॉडल विद्यालय

- अगरहुडा में शिक्षा की बड़ी सौगात
- 1500 छात्रों के लिए बनेगा हाईटेक विद्यालय


प्रस्तावित मॉडल विद्यालय के निरीक्षण में मौजूद डीएम

**चित्रकूट।** 14 मार्च को चित्रकूट में शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने पुलिस अधीक्षक के साथ ग्राम आगरहुडा-सरैया बॉडी पोखरी मार्ग (पावर हाउस के सामने) स्थित प्रस्तावित मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। लगभग 2449.63 लाख की लागत से बनने वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए पहली किस्त के रूप में 1220.315 लाख की वित्तीय स्वीकृति भी जारी की जा चुकी है। प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक संचालित होने वाले इस आधुनिक विद्यालय में लगभग 1500 विद्यार्थियों के अध्ययन की व्यवस्था की जाएगी। परियोजना के तहत बाल वाटिका, मिड-डे मील व्यवस्था, विशाल सभागार, खेल मैदान, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं तथा प्रधानाचार्य व शिक्षकों के आवास जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के सहायक अभियंता को निर्देश दिए कि विद्यालय भवन मुख्य मार्ग के समीप बनाया जाए और खेल मैदान को परिसर के पीछे विकसित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित व बेहतर शैक्षिक वातावरण मिल सके। उन्होंने निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कर निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के सख्त निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मानिकपुर, अवर अभियंता, सहायक अभियंता समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# भारत के खिलाफ ट्रंप ने दिया जांच का आदेश, 16 देशों को भी घसीटा




**अमेरिका**

**अमेरिका** ने एक बार फिर भारत समेत कई देशों के खिलाफ बड़ा कदम उठाया। इस बार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुल 16 देशों के खिलाफ नई व्यापारिक जांच शुरू करने का ऐलान किया है। जिसमें भारत भी शामिल है। माना जा रहा है कि यह कदम ट्रंप की उस रेसिप्रोकल टेररिफ नीति की जगह लेने के लिए उठाया गया है जिसे पिछले महीने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने अवैध ठहरा दिया था। अमेरिका के ट्रेड प्रतिनिधि जेमिसन ग्रियर ने इस जांच की घोषणा करते हुए बताया कि यह जांच 1974 के ट्रेड एक्ट के सेक्शन 301 के तहत की जाएगी। इस कानून के तहत अमेरिका को यह अधिकार मिलता है कि अगर किसी देश की व्यापारिक नीतियां अमेरिकी हितों के खिलाफ मानी जाती हैं तो उसके खिलाफ कारवाई की जा सकती है। इस जांच के दायरे में सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के कई बड़े व्यापारिक साझेदार शामिल हैं। जिन 16 देशों को इस सूची में रखा गया है। उनमें भारत, चीन, मेक्सिको, यूरोपीय संघ, जापान, ताइवान, वियतनाम, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, इंडोनेशिया, मलेशिया, कंबोडिया, बांग्लादेश और थाईलैंड शामिल है।

अमेरिकी ट्रेड प्रतिनिधि ने यह संकेत दिया कि यह सूची यहीं खत्म नहीं होती। उनके मुताबिक आने वाले समय में और देशों को भी इसमें शामिल किया जा सकता है। अच्छा आपको बता दें इस प्रक्रिया के तहत अमेरिकी ट्रेड प्रतिनिधि कार्यालय पहले लिखित टिप्पणियां मंगाएगा और फिर इस मुद्दे पर औपचारिक सुनवाई आयोजित की जाएगी। जांच में शामिल देशों के साथ बातचीत की जाएगी। इसके बाद अमेरिका अपनी जांच रिपोर्ट और विश्लेषण तैयार करेगा और जरूरत पड़ने पर जवाबी कारवाई का प्रस्ताव देगा। गियर के मुताबिक जवाबी कारवाई कई तरह की हो सकती है। इसमें नए टिफ लगाना, सेवाओं पर अतिरिक्त शुल्क लगाना या अन्य व्यापारिक प्रतिबंध शामिल हो सकते हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया जब भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में एक व्यापार समझौते की घोषणा हुई थी।

फरवरी में हुए इस समझौते के तहत भारत से अमेरिका जाने वाले निर्यात पर 18% टेरिफ तय किया गया था। जो पहले लागू करीब 50% टेरिफ से काफी कम थी।

# अफगानिस्तान मामले में आरोपों पर भारत ने दिखाया आईना



**अफगानिस्तान**

**भारत** ने गुरुवार को अफगानिस्तान के साथ झड़पों को बढ़ाने के पाकिस्तान के आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया और पाकिस्तान पर अपने कुकर्मों के लिए दूसरों को दोषी ठहराने का आरोप लगाया। साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तानी दावों को खारिज करते हुए कहा कि राज्य प्रायोजित आतंकवाद का पाकिस्तान का इतिहास उसकी विश्वसनीयता को कम करता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के बयान के संबंध में, मैं कहना चाहूंगा कि हम ऐसे निराधार आरोपों को खारिज करते हैं। अपने कुकर्मों के लिए भारत को दोषी ठहराना पाकिस्तान की आदत बन गई है। दशकों से आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देश के रूप में सीमा पार आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान की विश्वसनीयता शून्य है; कोई भी कहानी इस वास्तविकता को नहीं बदल सकती, और न ही कोई पाकिस्तान के कथित पीड़ित होने के दावों से मूर्ख बन सकता है।

फरवरी में डूरंड रेखा पर पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हवाई हमले हुए और हताहतों के दावे भी किए गए। दोनों देशों की साझा सीमा पर झड़पें बढ़ने के साथ ही पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल और अन्य शहरों पर हवाई हमले किए। 27 फरवरी को पाकिस्तान ने काबुल और अन्य अफगान शहरों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने "खुले युद्ध" की घोषणा करते हुए कहा कि पाकिस्तान का "सब्र टूट चुका है"। उन्होंने तालिबान पर वैश्विक आतंकवादियों को पनाह देने और उग्रवाद फैलाने का आरोप लगाया। अफगान राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि 26 फरवरी को डूरंड लाइन पर जवाबी कार्रवाई में 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए।

# ईरान युद्ध में डोनाल्ड ट्रंप छह दिन में ही फूंक डाले 11 अरब डॉलर



**अमेरिका**

**मध्य** पूर्व में चल रहा अमेरिका-ईरान युद्ध तेजी से महंगा और जटिल होता जा रहा है। ताजा रिपोर्टों के अनुसार युद्ध के केवल शुरूआती छह दिनों में ही अमेरिका को कम से कम ग्यारह अरब तीन सौ मिलियन डॉलर से अधिक का खर्च उठाना पड़ा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि संघर्ष इसी तरह जारी रहा तो यह अमेरिका के लिए एक और लंबा और अत्यधिक महंगा युद्ध साबित हो सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों ने सांसदों को एक बंद कमरे की बैठक में बताया कि युद्ध के पहले छह दिनों में ही करीब ग्यारह अरब तीन सौ मिलियन डॉलर खर्च हो चुके हैं। इसमें से लगभग पांच अरब छह सौ मिलियन डॉलर के हथियार और गोला बारूद केवल पहले दो दिनों में ही इस्तेमाल कर लिये गये थे। यह आंकड़ा इस युद्ध की तीव्रता और महंगाई को स्पष्ट रूप से दिखाता है।

हालांकि यह अनुमान केवल शुरूआती युद्ध खर्च को ही दशार्ता है। इसमें उन संसाधनों और सैन्य तैयारियों का खर्च शामिल नहीं है जो हमले से पहले सैनिकों की तैनाती और सैन्य उपकरणों की तैयारी में लगाया गया था। न्यू यार्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार वास्तविक लागत इससे कहीं अधिक हो सकती है क्योंकि कई खर्च अभी जोड़े ही नहीं गये हैं।

गौरतलब है कि बारह मार्च तक अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को तेरह दिन हो चुके हैं। यह संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था जब अमेरिका और इजराइल ने मिलकर ईरान के कई सैन्य ठिकानों पर संयुक्त हवाई हमले किये थे। इन हमलों के बाद क्षेत्र में तनाव तेजी से बढ़ गया और संघर्ष लगातार जारी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस अभियान को ऑपरेशन एपिक फ्यूरी नाम दिया है। ट्रंप ने दावा किया है कि इस अभियान के शुरूआती चरण में अमेरिका ने बड़ी जीत हासिल की है और ईरान की वायु सेना, राडार तंत्र तथा मिसाइल क्षमता को काफी हद तक नष्ट कर दिया गया है। हालांकि कई विश्लेषकों और आलोचकों का कहना है कि यह दावा पूरी तरह सही नहीं हो सकता और युद्ध अभी लंबा चल सकता है। युद्ध के खर्च को लेकर सामने आये आंकड़े भी चौंकाने वाले हैं। न्यू यार्क टाइम्स और वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी सेना ने युद्ध के पहले दो दिनों में ही करीब पांच अरब छह सौ मिलियन डॉलर के हथियार इस्तेमाल कर लिये थे। यह वह आंकड़ा है जो सार्वजनिक रूप से बताये गये खर्च से कहीं अधिक माना जा रहा है।

# सख्त कर्फ्यू में भूख से तड़प रहे बच्चे!



**बलूचिस्तान**

**बलूचिस्तान** के कुछ हिस्सों में निवासियों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं, क्योंकि अधिकारियों ने खुजदार जिले के जहरी में सख्त पाबंदियां लगा दी हैं और सुरक्षा बलों ने सुराब क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अभियान चलाया है, जिससे स्थानीय समुदायों पर मानवीय प्रभाव को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। बलूच यकजेहती कमेटी (बीवाईसी) ने मौजूदा स्थिति की निंदा करते हुए जहरी में लंबे समय से जारी कर्फ्यू को नागरिकों के लिए बेहद चिंताजनक बताया है। बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, बीवाईसी ने एक बयान में कहा कि शहर लगातार चार दिनों से पूरी तरह से बंद है, जिससे रमजान के महीने में निवासियों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बलूचिस्तान पोस्ट के मुताबिक, कमेटी ने कहा कि कर्फ्यू ने आम परिवारों के लिए गंभीर मुश्किलें खड़ी कर दी हैं, जिन्हें भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुएं प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। बीवाईसी ने दावा किया कि कई घरों में कमी का सामना करना पड़ रहा है और बाजार और आपूर्ति तक पहुंच प्रतिबंधित होने के कारण बच्चे भूखे मर रहे हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी प्रभावित हुई है। बीवाईसी ने बताया कि सड़क बंद होने और आवागमन पर प्रतिबंध के कारण तत्काल चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता वाले मरीज अस्पतालों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। समूह ने आगे कहा कि नाकाबंदी ने न केवल जहरी कस्बे को अलग-थलग कर दिया है, बल्कि आसपास के गांवों का भी संपर्क काट दिया है, जिससे हजारों लोग फंसे हुए हैं और एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में जाने में असमर्थ हैं।

# अन्यायपूर्ण बताकर दी स्थायी दाग लगने की चेतावनी



**ईरान**

**संयुक्त** राष्ट्र में ईरान के स्थायी प्रतिनिधि ने सुरक्षा परिषद द्वारा इस्लामी गणराज्य के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने के फैसले पर औपचारिक रूप से खेद व्यक्त किया है। सुरक्षा परिषद के सत्र में बोलते हुए, अमीर-सईद इरावानी ने इस प्रस्ताव को अन्यायपूर्ण और गैरकानूनी" करार दिया। उन्होंने तर्क दिया कि प्रस्ताव का पारित होना सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता को गंभीर झटका है और विश्व निकाय के इतिहास पर एक अमिट दाग है। प्रतिनिधि ने दावा किया कि यह कदम "सुरक्षा परिषद के जनादेश का घोर दुरुपयोग है,

जिसका उद्देश्य "कुछ सदस्यों के राजनीतिक एजेंडे" को पूरा करना है। उन्होंने आगे कहा कि यह प्रस्ताव जमीनी हकीकतों को तोड़-मरोड़ कर पेश करता है और मौजूदा क्षेत्रीय संकट के मूल कारणों को संबोधित करने में विफल रहता है।

अपने कड़े शब्दों वाले संबोधन में इरावानी ने इस प्रस्ताव की "पक्षपातपूर्ण और राजनीतिक रूप से प्रेरित" प्रकृति की निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि यह "पीड़ित और हमलावर की भूमिकाओं को उलट देता है" और तर्क दिया कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया "दोनों शासनों को और अधिक अपराध करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

मिशन के आधिकारिक बयानों में इस बात पर जोर दिया गया कि तेहरान परिषद के फैसले को स्वीकार नहीं करेगा। इरावानी ने इस कार्रवाई को "संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के विपरीत" बताया और कहा कि यह "आक्रामकता के कृत्यों के निर्धारण को नियंत्रित करने वाले स्थापित सिद्धांतों की पूरी तरह से अवहेलना करती है।

# चीन के खिलाफ तिब्बती महिलाओं का जोरदार प्रदर्शन



**तिब्बत**

**तिब्बती** राष्ट्रीय महिला विद्रोह के 67वें दिवस के उपलक्ष्य में, तिब्बती महिला संघ ने गुरुवार को चीन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया। इस अवसर पर, बौद्ध भिक्षुणियों और छात्राओं सहित सैकड़ों निर्वासित तिब्बती महिलाएं एकत्र हुईं।

यह आयोजन उस दिन की याद में मनाया जा रहा है जब तिब्बत के तीनों प्रांतों की तिब्बती महिलाओं ने, तिब्बत के इतिहास में पहली बार, एकजुट होकर 1959 में तिब्बत पर कब्जा करने वाली क्रूर चीनी सैन्य बलों के खिलाफ आवाज उठाई थी। इस तरह के आयोजन युवा पीढ़ी को यह दिखाने के लिए हैं कि संघर्ष का क्या अर्थ है और स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की क्या महत्वपूर्ण भूमिका है, जो एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच गया है। निर्वासित तिब्बती संसद के सदस्य यूडोन औकात्सांग ने एएनआई को बताया हम यहां तिब्बती महिला विद्रोह के 67वें दिवस के उपलक्ष्य में उपस्थित हैं। यह एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि हजारों महिलाओं ने चीनी क्रूरता के खिलाफ विद्रोह किया और चीन को तिब्बत छोड़ने के लिए कहा। दरअसल, पहला विरोध प्रदर्शन 10 मार्च को हुआ था, जब वे नोरबुलिंगका के बाहर एकत्रित हुईं और 12 मार्च को तिब्बती महिलाएं सड़कों पर उतर आईं और कई तिब्बती महिलाओं ने तिब्बत के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

इसलिए यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण है। न्यूयॉर्क स्थित स्टूडेंट्स फॉर फ्री तिब्बत- इंटरनेशनल की महिला कार्यकर्ता तेनज़िन मिनले ने एएनआई को बताया हम आज तिब्बती महिलाओं के राष्ट्रीय विद्रोह दिवस के उपलक्ष्य में यहां एकत्रित हुए हैं।

# ट्रंप को सबक सिखाने का प्लान, चीन ने उतार दिया जासूसी जहाज



**चीन**

**ईरान** के पास समंदर में चीन का एक जहाज आखिर क्या कर रहा है? युवांग वंग फाइव नाम के इस जहाज की मौजूदगी अमेरिका और इजराइल दोनों को बहुत ही खल रही है। अमेरिका की लाख आपत्ति और विरोध दर्ज कराने के बाद भी चीन ने इस जहाज की लोकेशन को बिल्कुल नहीं बदला। चीनी इस जहाज का नाम है युवान बैंग फाइव। चीन इसे एक साधारण रिसर्च वेसल बताता है। लेकिन कई देशों के लिए यह सिर्फ रिसर्च जहाज नहीं है बल्कि एक हाईटेक स्पाईशिप है। और सवाल सिर्फ इतना नहीं है कि यह जहाज श्रीलंका क्यों जा रहा है? सवाल बड़ा है कि क्या चीन हिंद महासागर में अपनी रणनीतिक ताकत बढ़ाकर अपने सहयोगियों को खासकर कि ईरान को अप्रत्यक्ष सैन्य और तकनीकी सपोर्ट देने की कोशिश कर रहा है। सबसे पहले आपको बताते हैं कि यह पूरा विवाद आखिर शुरू कैसे हुआ। तो दरअसल चीनी जहाज युवान बैंग फाइव को श्रीलंका के हमेंडोटा पोर्ट पर रुकना था। पहले इसकी एंट्री को टाल दिया गया था क्योंकि भारत ने सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई। लेकिन बाद में श्रीलंका सरकार ने इसे 16 से 22 अगस्त तक बंदरगाह पर आने की अनुमति दे दी। श्रीलंका के हार्बर मास्टर निर्मल पी सिलवा ने यह साफ कह दिया है कि विदेश मंत्रालय से आधिकारिक क्लीयरेंस मिल चुका है और जहाज के लिए पोर्ट पर जरूरी व्यवस्थाएं की जाएंगी।

दूसरा सवाल यह उठता है कि आखिर जहाज इतना बता दें कि आधिकारिक तौर पर युवान वंग फाइव को एक रिसर्च और सर्वे वेसल बताया जाता है। लेकिन कई रक्षा एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह एक ड्यूल यूज प्लेटफार्म है। यानी इसका इस्तेमाल वैज्ञानिक रिसर्च के साथ-साथ सैन्य निगरानी के लिए भी करते हैं। कुछ सरकारी सूत्रों के मुताबिक यह जहाज सेटेलाइट ट्रैकिंग, स्पेस मॉनिटरिंग और तो और इंटरकॉन्टिनेंटल बैलस्टिक मिसाइल लॉन्चेस के लिए गतिविधियों पर नजर रखने के लिए किया जाता है। यही कारण है कि भारत इसे सिर्फ एक रिसर्च मिशन नहीं मानता। हालांकि हैंबनटोटा पोर्ट की स्ट्रेटेजिकेंस जिस बंदरगाह पर यह जहाज रुकने वाला है वो खुद एक बड़ा रणनीतिक मुद्दा है। दरअसल हैबनटोटा पोर्ट को श्रीलंका ने चीन को 99 साल की लीज पर दिया था। यह वही पोर्ट है जिसे बनाने के लिए श्रीलंका ने चीन से भारी कर्ज लिया था। आर्थिक संकट गहराने के बाद जब कर्ज चुकाने की मुश्किल आई तो आखिरकार यह बंदरगाह चीन के नियंत्रण में चला गया था। इससे हिंद महासागर में चीन को एक स्थाई स्ट्रेटेजिक फुट होल्ड मिल गया था। हालांकि भारत के लिए चिंता का विषय इसलिए भी है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# भारत को इजाजत देने वाले तुम कौन? दोस्त रूस ने ट्रंप का दिमाग कर दिया ठंडा



**अमेरिका**

**30 दिन** के वेवर पर जिस पर रूस ने ट्रंप प्रशासन को भारत के लिए ठोक दिया है। उनका दिमाग खोल दिया है और इतना ही नहीं रूस ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को सराहा है और रूस साबित कर गया है कि वह भारत का सिर्फ दोस्त नहीं बल्कि बड़ा भाई जैसा है। और इस एक बयान ने साफ बता दिया है पूरी दुनिया को संदेश दे दिया है कि भारत एक स्वतंत्र देश है। उसे किसी अमेरिकी या फिर किसी अन्य देश से इजाजत यानी कि परमिशन लेने की कोई जरूरत नहीं है और रूस ने इस मामले में भारत का साथ देकर यह साबित कर दिया है कि सच्ची दोस्ती क्या होती है। मिडिल ईस्ट में युद्ध शुरू होने के बाद अमेरिका ने यह बड़ा दावा किया। उसने भारत के लिए ट्वीट किया कि उसने भारत को रूसी तेल खरीदने के लिए 30 दिन की छूट दी है।

अमेरिका ने क्या कहा था?

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा है कि ईरान के साथ चल रहे संघर्ष के बीच ऊर्जा आपूर्ति बनाए रखने के लिए उसने भारत को अस्थायी रूप से उन रूसी तेल खेपों को ह्यस्वीकार करनेह्न की अनुमति दी है जो पहले से जहाजों में लदी हुई थीं। अधिकारी ने यह भी कहा कि भारत में अमेरिका के सहयोगी अच्छे भागीदार हैं। अमेरिका ने पिछले सप्ताह कहा था कि पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के मद्देनजर वह भारतीय रिफाइनरियों को अस्थायी तौर पर रूसी तेल खरीदने की अनुमति देने के लिए 30 दिनों की छूट दे रहा है। व्हाइट हाउसह्न की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और पूरी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम इस फैसले पर इसलिए पहुंची, क्योंकि भारत में हमारे सहयोगियों ने अच्छा व्यवहार किया है और उन्होंने प्रतिबंधित रूसी तेल खरीदना पहले ही बंद कर दिया था। उन्होंने कहा कि ह्यईरानियों की वजह से दुनिया भर में तेल आपूर्ति में आई अस्थायी कमी को दूर करने की हमारी कोशिशों के बीच हमने उन्हें (भारत को) रूसी तेल स्वीकार करने की अस्थायी अनुमति दी है। यह रूसी तेल पहले से समुद्र में था। हमें नहीं लगता कि इस अल्पकालिक कदम से रूस सरकार को इस समय कोई बड़ा वित्तीय लाभ होगा। लेविट ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष की पृष्ठभूमि में भारत को रूसी तेल खरीदने के लिए 30 दिन की छूट देने संबंधी अमेरिकी फैसले को लेकर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की।

रूस ने अच्छे से समझा दिया

ट्रंप प्रशासन की ओर से आए इस बयान पर रूसी राजदूत डेनिस अलीपोब ने दो टूक शब्दों में जवाब दिया और कहा कि भारत को किसी से इजाजत लेने की कोई जरूरत नहीं है ना ही वह किसी से परमिशन लेता है। रूसी राजदूत ने आरटी न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में यह भी कहा कि मुझे लगता है कि भारतीय अधिकारियों ने पहले ही जवाब दे दिया है और उन्होंने विदेश मंत्री अजय शंकर के बयान की जमकर तारीफ की और कहा कि अमेरिका कितनी भी कोशिश क्यों ना कर ले वो रूसी तेल को दुनिया से नहीं हटा पाएगा खासकर भारत से। यानी इस बयान से साफ हो गया है कि भारत को किसी से कोई इजाजत नहीं चाहिए। यह रूस का बयान है। उन्होंने कहा कि भारत को किसी से कोई इजाजत नहीं चाहिए।

दुनिया में तेल सप्लाई चेन बुरी तरह से प्रभावित

मिडिल ईस्ट में युद्ध शुरू होने के बाद यानी 28 फरवरी के बाद जो कि ईरान और इजराइल के बीच की जंग से जुड़ा है। पूरी दुनिया में तेल सप्लाई चेन बुरी तरह से प्रभावित हो गई।